CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

16.3

मानव-भाषा

: प्रणेता :

स्वामी सत्यभक्त

सत्याश्रम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या.................. प्राप्ति-संख्या.....................

ग्रन्थ-कार्ड

श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान

ग्रन्थागार

नरिया, वाराणसी-५

ग्रन्थ नाम मानव भाषा

लेखक स्वामी सत्य भक्त

की सत्यलोक यात्रा] ॥।) हिन्दू साइयों से

अग्निपरीक्षा-[अन्धश्रद्धा- हिंदूमुसलिम मेल

नाशक कहानियाँ] ॥।) हिंदू मुसलिम इत्तहाद [उर्दू]

(शेष पृष्ठ १९६ पर)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानवभाषा

(मनुष्यमात्र के लिये सरल और नियमित नई भाषा)

: निर्माता :

स्वामी सत्यभक्त

(संस्थापक-सत्यसमाज)

: प्रकाशक :

सत्याश्रम वर्धा (मध्यप्रदेश)

अपरैल ११९५० इतिहास संवत्

मूल्य दो रुपया

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकाशक—
चुन्नीलाल कोटेचा
मंत्री–सत्याश्रम वर्धा

: सूचना :

जो सज्जन पुस्तक का गहराई से अध्ययन करना चाहते हों वे पहिले 'शुद्धि अशुद्धि' और 'पूर्ति' के अनुसार पुस्तक को शुद्ध करलें। पृ. १८८ से १९५ तक शुद्धि अशुद्धि और पूर्ति दी हुई है।

मुद्रक—सदाशिव गोमासे
मैनेजर–सत्येश्वर प्रि. प्रेस
सत्याश्रम वर्धा (म. प्र.)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रास्ताविक

सत्यसमाज के चौबीस जीवन सूत्रों में एक सूत्र यह भी है कि मनुष्यमात्र की एक भाषा होना चाहिये जिससे सब मनुष्यों की एक जाति बनने में सुभीता हो। वह भाषा कैसी हो, उसमें आजकल की भाषाओं के क्या क्या दोष न हों और क्या क्या सरलता हो इसका विवेचन सत्यामृत व्यवहार कांड में किया गया है। पर इसके साथ सवाल यह था कि वह भाषा बने कैसे ?

इसका सब से उत्तम उपाय यह था कि संसार की सब सरकारें संयुक्तराज्य परिषत् में यह प्रश्न उठातीं और इस काम के लिये समिति बनवातीं, जो अनेक देशों के भाषाशास्त्रियों के सम्मेलन से एक सरल और नियमित मानवभाषा का निर्माण करतीं। फिर उस भाषा का प्रचार सभी सरकारें करने लगतीं।

पर इसप्रकार की आज कोई सरकार नहीं है। सरकारें खुद भाषा की एकता के सिद्धांत में विश्वास नहीं करतीं। हरएक सरकार समझती है कि होश्यारी से काम करने से विश्वशान्ति की समस्या हल हो जायगी। जब कि असल बात यह है कि मनुष्यमात्र में एक जातीयता तथा एक राष्ट्रीयता के सिद्धांत को व्यवहार में लाये बिना युद्ध, राष्ट्रीय-संघर्ष आदि नहीं रुक सकते। संघर्ष की तैयारी के लिये कुछ समय तक शांति रह सकती है पर शांति से अशान्ति की तैयारी का नाम शान्ति नहीं है। यह तभी सम्भव है जब मनुष्यमात्र की एक जाति हो। और एक जाति बनने में सबसे बड़ी भारी बाधा भाषाओं का भेद है, जो कि सरल और नियमित मानवभाषा के निर्माण के बिना दूर नहीं होसकता।

पर यदि लोगों के मन में यह विश्वास हो कि भाषा बनाने से बनती नहीं है, और आज की किसी भाषा को मानवभाषा बनाया नहीं जासकता तो जब तक कोई भाषा लोगों के सामने उपस्थित न की जाय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तब तक वे इस बात पर विश्वास करना तो दूर, ध्यान भी नहीं देसकते। और ऐसी भाषा बनाने का काम इतना बड़ा, बहुसमय-साध्य, बहुश्रम-साध्य, बहुधनसाध्य, और बहुविद्वज्जन-सहायतासाध्य था कि इसकी योजना कैसे की जाय यह सूझ नहीं पड़ता था। सोचता था कि मुझ अकेले से क्या होगा और मेरे पास समय भी कहां था। हर माह एक मासिक पत्र अपने सन्देशों से भरना पड़ता है, प्रतिदिन चार पांच घंटा पत्रव्यवहार आदि में खर्च करना पड़ता है, आश्रम के छोटे बड़े सब कामों की देखरेख रखना पड़ती है, और प्रचार का भ्रमण भी एक के बाद एक होता रहता है, ग्रंथनिर्माण और प्रकाशन का काम भी कम नहीं है, आगंतुकों की शंका समाधान तथा चर्चा के लिये भी समय देना पड़ता है इसलिये वर्षों तक ऐसे नीरस कठिन उपेक्षणीय और विशालकार्य को हाथ लगाने की हिम्मत न पड़ी। पर यह बात रही सदा खटकती ही। अन्त में कुछ वर्ष पहिले एक दिन यही विचार किया कि इसके लिये किसी दूसरे की या बड़े साधनों की बाट देखना फजूल है जैसे बने वैसे मुझे ही यह कार्य शुरु करना चाहिये। इसलिये किसी तरह पंद्रह दिन का समय ऐसा निकाला कि जब मैं करीब चार पांच घंटे प्रतिदिन इस काम में दे सकूं। और इसका परिणाम यह हुआ कि मानवभाषा का व्याकरण करीब करीब तैयार होगया।

पर अकेले व्याकरणसे क्या होता? अगर धातुकोष और शब्दकोष न दिया जाय तो व्याकरण के नियम अजमाये कहां जायँ? मानवभाषा का खयाल भी लोगोंको किस तरह आये। पर धातुकोष शब्दकोष निर्माण काफी समय तथा काफी सतर्कता और श्रम चाहता था। पर समय का अभाव था इसलिये काम रुकगया और सम्भवतः एक वर्ष रुका रहा।

फिर सोचा कि पुस्तक को किसी तरह प्रेसमें देदेना चाहिये। जब अधूरी पुस्तक छपजायगी तब उसे पूरी करने का दबाव पड़ेगा और किसी तरह समय निकल ही आयगा। पहिले भी कई ग्रंथ मैं इसी ढंग से लिख चुका था। इस तरह पुस्तक प्रेसमें देदीगई। कुछ भाग छपभी गया। पर समय न मिला। क्योंकि यह कार्य प्रतिदिन दिनका आधेसे अधिक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समय चाहता था और वह मेरे लिये निकालना बहुत कठिन था। खैर। एकाध वर्ष तक वह कार्य रुका पड़ा रहा। इसके बाद फिर कुछ समय निकाला। एकाध बार कार्य करने पर फिर रुका। इस प्रकार चार बार हुआ और इसमें कई वर्ष निकल गये। पुस्तक का कागज भी बदलता रहा और पुराना टाइप भी घिसजाने से खराब होगया इसलिये दूसरे नये टाइपमें बाकी पुस्तक छपी।

लम्बा समय बीत जाने से उसमें अदल बदलभी काफी हुई। छपे हुए कुछ पृष्ठ तो अलग कर देना पड़े और उनके स्थानमें नये छपाना पड़े। कुछ परिवर्तनों और परिवर्धनों को शुद्धि अशुद्धि और पूर्ति में देकर जोड़ना पड़ा। किसी तरह पुस्तक पूरी हुई।

पर यह पुस्तक पूरी मानवभाषा नहीं है किन्तु उसका छोटासा नमूना है। जितनी धातुएँ दी हैं उससे तिगुनी चौगुनी धातुएँ चाहिये और शब्द भंडार तो पचास गुणा। पर यह सब प्रारम्भ में हो नहीं सकता था इसलिये कुछ खास खास शब्द देदिये हैं तथा धातु भी।

शब्दनिर्माण में मानवभाषा के सिद्धांतों के पालन करने की कोशिश तो पूरी की गई है पर नजरचूक से तथा पूरा समय न देपाने से थोड़ी बहुत त्रुटियाँ रहगई होंगी, उन सब का सुधार तो दूसरी आवृत्ति में होसकेगा, जब मैं स्वयं इस पुस्तक को गौर से बार बार पढ़ डालूंगा और कुछ रचनाएँ भी बनाडालूंगा।

पिछले भाग में दीहुई गद्यपद्य रचना बनाते समय जिन त्रुटियोंका पता लगा वे सुधारी गईं या पूर्त्ति कीगई पर उसीसे इस बात का पता लगा कि इस विषयमें अभी असीम काम करना है। यथाशक्य उसे करने का या करते रहने का विचार है।

मानवभाषा सब भाषाओं से सरल और नियमित है इसका यह मतलब नहीं कि जिसने इसे सीखा नहीं है वह सुनते ही समझ जायगा। प्रारम्भ में एक शब्द भी समझ में न आयगा। हिन्दी अंग्रेजी उर्दू संस्कृत के परिचित शब्द भी नये व्याकरण के रूप में आने के कारण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जल्दी समझमें न आयँगे। एक बार परिचित होजाने पर और कुछ अभ्यास होजाने पर ही समझमें आयेंगे। हां! दूसरी भाषाओं की अपेक्षा वह परिचय शीघ्र होसकेगा।

एक अंग्रेज को हिन्दी सीखने में जो कठिनाई है और एक हिन्दीवाले को अंग्रेजी सीखने में जो कठिनाई है वह दोनों को मानव भाषा सीखने में नहीं है। यह होसकता है कि एक गुजराती हिन्दी को मानवभाषा से भी जल्दी सीखले और अंग्रेज फ्रेंच को जल्दी सीखले, पर इससे हिन्दी या फ्रेंच मनुष्य मात्रकी दृष्टिसे सरल नहीं होजाती। मानवभाषा का निर्माण मनुष्य मात्रकी दृष्टि से किया गया है। परिचय के कारण या मातृभाषा से मिलती जुलती होने के कारण यदि कोई भाषा सरल मालूम होती है तो उसे सरल न समझना चाहिये, सरलता के लिये देखना चाहिये कि उसका व्याकरण कितना नियमित है, धारणा शक्ति पर कितना कम जोर पड़ता है और संयुक्ताक्षरों की कितनी कमी है। इसप्रकार एक बिलकुल अपरिचित और दूर की भाषा की अपेक्षा मानव-भाषा कितनी जल्दी सीखी जासकती है। पुस्तक देखने से पता लगेगा कि इस दृष्टि से मानवभाषा बहुत सरल है। और वह काफी जल्दी सीखी जासकती है।

पुस्तक देखने से यह भी पता लगेगा कि मानवभाषा में अर्थ की व्यञ्जना कितनी सूक्ष्म और स्पष्ट है। आजकी भाषाओं में कर्तृवाच्य कर्मवाच्य भाववाच्य पाये जाते हैं पर मानव भाषा में करणवाच्य सम्प्र-दानवाच्य अपादानवाच्य आदि भी पाये जाते हैं। लिंग व्यवस्था सरल स्पष्ट और नियमित तो है ही, साथ ही उसके द्वारा सरलता से ऐसे व्यंग्य भी किये जासकते हैं जो आजकी भाषाओं में सुलभ नहीं हैं।

अभी इस भाषा की सिर्फ संक्षिप्त रूपरेखा ही रक्खी गई है, इसका कोई साहित्य नहीं है, पर धीरे धीरे इसका साहित्य निर्मित होगा, खुद मैं भी इस भाषा में थोड़ा थोड़ा साहित्य निर्माण करने का विचार रखता हूं। तब इसकी खूबियों पर अच्छा प्रकाश पड़ सकेगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

फिर भी मेरा यह दावा नहीं है कि मानवभाषा के रूपमें यही भाषा चले, इससे सरल और अच्छी भाषा बने तो मैं उसका स्वागत करूंगा। और यह मानवभाषा, इससे भी अच्छी मानवभाषा की भूमिका के रूप में इतिहास की चीज बनकर रहजायगी। पर उसकी बाट देखते हुए बैठना नहीं है। अधिक से अधिक इसका साहित्य निर्माण करना है और अधिक से अधिक इसका प्रचार करना है।

इस समय यह हिन्दी भाषा के जरिये ही तैयार की गई है किन्तु आगे अंग्रेजी आदि की आवृत्ति भी तैयार करना है। उसमें हिन्दी की अपेक्षा अंग्रेजी आदि की आलोचना अधिक की जायगी। और तब तक इसका रूप और निखर जायगा तथा समृद्ध भी होजायगा।

आज तो ऐसे पाठकों की कमी न होगी जो इस प्रयत्न को एक तरह का पागलपन या शेखचिल्ली का स्वप्न समझेंगे। पर आज नहीं तो सौ पचास वर्ष बाद लोग गम्भीरता से इसकी आवश्यकता का अनुभव करेंगे। उस समय यह मानवभाषा मानवभाषा मानी जाय या नहीं, पर एक न एक नई मानवभाषा का प्रचार अवश्य किया जायगा।

मेरा विश्वास है कि अगर कोई शिक्षित व्यक्ति एक माह भी अच्छी तरह इसके पीछे खर्च करदे तो वह इस भाषा का साहित्य समझने लगेगा और काम चलाऊ बोलने लगेगा भले ही उसकी मातृभाषा कोई भी हो।

इस भाषा को सीखने के लिये एक शिक्षित व्यक्ति को गुरु की आवश्यकता नहीं है इसलिये अपने आप इसका थोड़ा थोड़ा अभ्यास कर लेना चाहिये। फिर भी अगर आवश्यकता हुई तो इस काम के लिये शिविर योजना भी की जायगी। जो लोग मनुष्यमात्र में एक जातीयता के सिद्धांत में विश्वास करते हैं, चाहते हैं कि राष्ट्र राष्ट्र जाति जाति के द्वंद दूर हों उन्हें एक मानवभाषाके प्रचारकी कोशिश अवश्य करना चाहिये।

मैंने सत्येश्वर गीता में मानवभाषा अध्याय में इस विषय में जो कुछ लिखा है उसका कुछ अंश यहां उद्धृत किया जाता है इससे भी पाठक मानवभाषा की आवश्यकता का अनुभव कर सकेंगे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गीत-७९

मानव तू क्यों बना गमार।
कर जगभर के लिये एक भाषा का आविष्कार।
मानव क्यों तू बना गमार॥ २१२० ॥
गुफा छोड़कर महल बनाये।
वल्कल छोड़ वस्त्र पहिनाये॥
फिर ऊबड़ खाबड़ भाषा का उठा रहा क्यों भार।
मानव क्यों तू बना गमार॥ २१२१ ॥
भाषा लिपि न जन्म से पाई।
मानव ने थी कभी बनाई॥
युग युग में बदला पर जगकी मिटी नहीं बेगार।
मानव क्यों तू बना गमार॥ २१२२ ॥
अब यह वैज्ञानिक युग आया।
जगत एक बाजार बनाया॥
सब से मिलना जुलना है अब कर भाषा-विस्तार।
मानव क्यों तू बना गमार॥ २१२३ ॥
मानव मानव सब हमजोली।
सरल शुद्ध नियमित हो बोली॥
मानवभाषा एक बने फिर एक बने संसार।
मानव क्यों तू बना गमार॥ २१२४ ॥

गीत-८०

मानव, मानवभाषा बोल।
भाषा का घमंड मत कर तू सब का हिया टटोल।
मानव मानवभाषा बोल॥ २१२५ ॥
भाषाओं का बोझ उठाये।
कहां कहां तू आये जाये॥
एक सरल मानवभाषा से दुनियाभर में डोल।
मानव, मानवभाषा बोल॥ २१२६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुनियाभर में आना जाना।
सब को मनकी बात बताना॥
मानवभाषा से भावों का मन मनमें रस घोल।
मानव मानवभाषा बोल ॥ २१२७ ॥
ऊबड़खाबड़ ये भाषाएँ।
कैसे जगको एक बनायें॥
सरल शुद्ध नियमित भाषा से घट घट के पट खोल।
मानव मानवभाषा बोल ॥ २१२८ ॥

गीत-८२

कैसी माया में भरमाया।
टुकड़े टुकड़े जगत बनाया॥
जन्म समय मानव के शिशुका गला एकसा होता।
एक सरीखा स्वर होता है एक सरीखा रोता॥
विधि ने बोली एक बनाई एक बनाई काया।
कैसी माया में भरमाया ॥ २१३२ ॥
सब भाषाओं में स्वर व्यञ्जन एक सरीखे आये।
आगे पीछे जोड़ तोड़कर नाना शब्द बनाये॥
संकेतों के भेदभाव ने भाषाभेद कराया।
कैसी माया में भरमाया ॥ २१३३ ॥
जब मानव थे जुदे जुदे तब जुदी जुदी थी बोली।
अब सब का बाजार एक है एक जगत की टोली॥
पर अब तक मानव ने भाषा-भेद नहीं विसराया।
कैसी माया में भरमाया ॥ २१३४ ॥
एक सरीखे स्वर व्यञ्जन सब रोना हँसना गाना।
संकेतों में परिवर्तन कर बोली एक बनाना॥
मानव भाषा एक बने तब मिटे भेद की माया।
कैसी माया में भरमाया ॥ २१३५ ॥

सत्याश्रम वर्धा (मध्यप्रदेश)
३० फरवरी १९५० इ. सं.
} सत्यभक्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय-सूची

विषय	पृ.
मानवभाषा की जरूरत	८
आज की भाषाएँ	१३
लिंगों की गड़बड़ी	,,
कारक दोष	१५
पुरुषरूप दोष	१७
क्रिया दोष	१७
अन्य दोष	१८
मानवभाषा	१६
१ परिपूर्ण वर्णमाला	,,
२ भाषानिर्माण की सूचनाएँ	२०
३ सन्धि नियम	,,
४ लिंगनिर्णय	,,
५ संज्ञा शब्द	२२
६ विभक्ति चिह्न	२३
७ सर्वनाम	२५
८ विशेषण	२६
९ क्रिया	२८
१० क्रियाविशेषण	४०
११ अव्यय	४८
१२ उपसर्ग	५२
१३ कृदन्त	,,
१४ तद्धित	५४
१५ समास	५५
१६ गिनती (गिनो)	५७
१७ कौटुम्बिक शब्द	६१
१८ शब्द रचना	६८
शब्दकोष	
भोजन शाला (इटोकुरम)	७१
घर [रीहेत]	७५
वस्त्राभूषण (घर)	७६
शरीर [मूम]	८०
प्राणी [जीव]	८३
विश्व [शोवस]	८६
वस्ती [लंत्रास]	८७
यान (यान)	,,
बाजार (याश)	८८
मापतौल (मिपो सेगो)	८९
छापाखाना (प्रिंटोग्राज)	,,
कारखाना (मुंकरीह)	१०
आफिस (आज)	९१
शासनतंत्र (रोजोतंत)	,,
सभा (उंगु)	९२
उत्सव (होनन्दो)	९३
संगीत [टब्रो]	९४
संस्था [शंजु]	,,
शास्त्र [ईन]	,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषय	पृ.
धर्म [धर्मो]	९५
दर्शन (लिंको)	९७
न्याय (इंकोधानो)	,,
व्याकरण (इकोधान)	९९
काव्य [भायेत]	१००
छन्द गीत [तिम चांम]	१०१
वैज्ञानिक तत्त्व	१०३
चिकित्सा (थिचो)	१०५
वाक्य रचना [पूनो]	१०६

विषय	पृ.
धातुकोष	
(मानवभाषा से हिन्दी)	११६
हिन्दी भाषा से मानवभाषा	१४६
अनुवाद (आचो)	१७९
पद्य (तीमो)	१८१
गीत	१८६
शुद्धि अशुद्धि	१८८
पूर्त्ति	१९१
सत्यभक्त साहित्य	१९६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समर्पण

मनुष्य जाति के हाथों में

मनुष्यो ! तुम सब की एक जाति है फिर भी तुम्हारे लिये यह कितने शर्म की बात है कि तुम सब की एक बोली नहीं है।

मनुष्यो ! तुमने छोटी से छोटी असुविधा को दूर करने के लिये एक से एक बढ़कर आविष्कार किये हैं। कल का आविष्कार आज के लिये पुराना होजाता है पर भाषा के मामले में तुम पुरानी से पुरानी ऊबड़ खाबड़ भाषाओं से चिपटे हो, यह तुम्हारी वैज्ञानिकता का दिवालियापन नहीं तो क्या है ?

मनुष्यो ! तुमने दुनियाभर में आने जाने के लिये यातायात के एक से एक बढ़कर साधन बनाये हैं पर एक दिल के पास दूसरे दिल को जाने के लिये जो सब से बढ़िया साधन एक भाषा है उसे तुम नहीं बना पाये यह तुम्हारी बौद्धिक कायरता नहीं तो क्या है ?

क्या इन बातों के रहते तुम बुद्धिमान प्राणी मनुष्य कहे जासकते हो ? जरा इन बातों पर विचार करो। आशा है अपनी आदमियत की रक्षा के लिये तुम्हें एक भाषा की जरूरत महसूस होगी। तब तुम समझोगे कि यह पुस्तक तुम्हारी जरूरत को पूरा कर सकती है इसीलिये तुम्हारे हाथों में यह मानवभाषा समर्पित करता हूँ।

हितैषी
सत्यभक्त

सत्याश्रम वर्धा
१७-६-४७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

— मानवभाषा प्रणेता —

❀ स्वामी सत्यभक्त ❀

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानवभाषा की जरूरत

आज पहाड़ और समुद्र की सीमाएँ टूट चुकी हैं यातायात के बढ़े हुए साधनों से प्रायः एक दिन में मनुष्य पृथ्वी का चक्कर लगा सकता है, दुनिया के सब देशों का सब देशों से राजनैतिक और आर्थिक सम्बन्ध स्थापित होगया है, सब राष्ट्रों में शांति बनाये रखने और मेल मिलाप बढ़ाने के लिये राष्ट्रसंघ सुरक्षापरिषद् सरीखी अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ सब सरकारों के सहयोग से बनरही हैं इतना होनेपर भी मनुष्य के लिये यह शर्म की बात है कि सब मनुष्यों की एक मानवभाषा नहीं है। मनुष्य मनुष्य में सहयोग और एकता का सब से मुख्य और व्यापक साधन भाषा है भाषा के एक होनेपर ही मनुष्य मनुष्य के पास आता है उसमें एक जातीयता और एक राष्ट्रीयता की भावना पैदा होती है, जो कि विश्वशांति और मानवता के विकास के लिये जरूरी है।

मनुष्य वैज्ञानिक दृष्टि से कितना भी तरक्की कर जाय परन्तु जब तक मनुष्य मात्र में और राष्ट्र राष्ट्र में एक जातीयता या एक राष्ट्रीयता का भाव नहीं आता तब तक मनुष्य की शक्तियाँ आपस में लड़लड़कर बर्बाद होती रहेंगी। महायुद्ध होते रहेंगे, एक राष्ट्र दूसरे को लूटने की कोशिश करता रहेगा इस तरह वैज्ञानिक विकास मनुष्य का भक्षक साबित होता रहेगा, इससे बचने के लिये मनुष्यमात्र की एक जाति और एक राष्ट्र बनाना पड़ेगा, सब में सामाजिक सम्बन्ध स्थापित करना पड़ेगा। इसके बिना हमारी गुजर नहीं, हम जीवित नहीं रह सकते।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर यह काम तब तक नहीं हो सकता या अच्छी तरह नहीं होसकता जब तक मनुष्यमात्र की कोई एक भाषा न हो। यों भी मनुष्यमात्र की एक भाषा की जरूरत तो है ही। आजकल के आर्थिक राजनैतिक सम्बन्ध और यातायात की सुलभता के कारण आना जाना खूब बढ़ गया है पर एक भाषा के बिना आने जाने का ठीक ठीक उपयोग नहीं होने पाता। मैं जापान चीन रूस जर्मनी फ्रांस आदि देशों में भ्रमण करना चाहता हूँ पर उन देशों की जनता के निकट परिचय में आने के लिये मुझे उनकी भाषा आनी चाहिये पर मैं सैकड़ों भाषाएँ कैसे सीख सकता हूँ ? मुझे तथा दूसरे लोगों को सुभीता तभी हो सकता है जब मैं उनकी और वे मेरी भाषा समझें, इस कारण से भी मनुष्यमात्र की एक भाषा होना चाहिये।

कोशिश की जाती है कि अमुक राष्ट्र की भाषा को विश्वभाषा बनाया जाय। अंग्रेजों का साम्राज्य तथा नस्ल बहुत फैलजाने से अंग्रेजी भाषा विश्वभाषा बनने का दावा कर रही है वह अमेरिका आस्ट्रेलिया में काफी फैली है एशिया आफ्रिका में भी उसके पैर जमे हैं, यूरोप में इंग्लैण्ड तो उसका घर है ही, पर यह फैलाव कृत्रिम है, साम्राज्यवाद दुनिया से उठेगा ही और उठना चाहिये भी, तब अंग्रेजी का स्थान सिर्फ इंग्लैण्ड और उत्तर अमेरिका में रह जायगा, यूरोप में तो आज भी फ्रेंच स्पेनिश का बोलबाला है, हिन्दुस्तान में हिन्दी या हिन्दुस्तानी ही फैल रही है इस प्रकार अंग्रेजी को विश्वभाषा का स्थान नहीं मिल सकता। न और भी कोई भाषा विश्वभाषा या मानवभाषा बनने का दावा कर सकती है। बात यह है कि संसार की सभी भाषाएँ ऊबड़खूबड़, अनियमित, और उच्चारण में कठिन हैं। उनका व्याकरण सीखने में वर्षों लगजाते हैं अच्छी तरह पांचसात वर्ष खर्च किये बिना कोई किसी भाषा में अच्छी तरह नहीं बोल पाता है, ऐसी कठिन और अनियमित भाषाओं को मानवभाषा बनाने का विचार करना ही मनुष्यता का दिवाला निकालना है।

यह निश्चित है कि एक राष्ट्र की भाषा को दूसरे राष्ट्र के सिरपर लादने से मानवभाषा का निर्माण न होगा। मानवभाषा तो हमें नये सिरे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से बिलकुल नई बनाना पड़ेगी। जिसका व्याकरण छोटे से छोटा हो, नियमभंग अपवाद न हों या नाममात्र के हों, शब्द सरल और छोटे हों, और संसार की प्रायः सभी भाषाओं से जिसमें मदद लीगई हो ऐसी ही भाषा मानव भाषा बनसकती है। जिसे हर एक पढ़ालिखा आदमी एकाध माह में सीखकर काम चलाने लगे और जिसका सम्पूर्ण व्याकरण एक दो दिन से अधिक समय न ले। ये गुण आज संसार का किसी भाषा में नहीं हैं इसलिये आज की किसी भाषा को मानवभाषा बनाने की बात करना व्यर्थ है।

हम हर एक चीज का नया से नया माडल पसन्द करते हैं, परिश्रम बचाने के लिये मशीनों में तथा और चीजों में आये दिन सुधार करते हैं, कल की चीज आज हमें पसन्द नहीं आती, पर आश्चर्य की बात है कि भाषा के मामले में हम पुरानी से पुरानी और बेहूदी से बेहूदी भाषा से चिपके रहते हैं, असुविधाओं को दूर हटाने की कोशिश नहीं करते, एक अंग्रेज क्निफे (Knife) लिखकर नाइफ पढ़ने में जरा भी शरमिन्दा नहीं होता, यही हाल हर एक भाषाभाषी का है। वह अपनी भाषा की बेहूदगी से बुरी तरह पागल की तरह चिपटा हुआ है, उसके सुधार करने की बात ही उसके ध्यान में नहीं आती, बल्कि ध्यान दिलाने पर वह सभ्यता संस्कृति आदि की दुहाई देकर लड़ने लगता है। अपनी भाषा सीखने में उसे कम कठिनाई नहीं उठाना पड़ी है पर वह बेशर्मी से वही कठिनाई दूसरों पर लादना चाहता है और पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी सन्तान पर लादे रखना चाहता है। इसे झूठे घमण्ड के कारण पैदा हुए पागलपन के सिवाय और क्या कहा जासकता है? उचित तो यह है कि जैसे मनुष्य ने पुराने जंगली जमाने के औजारों साधनों के स्थानपर नये नये औजार और साधन बनालिये हैं उसी प्रकार पुरानी अविकासित कठिन अनियमित भाषाओं के स्थानपर नई विकसित सरल नियमित भाषा का निर्माण करे, और उसके द्वारा मनुष्यमात्र की सामाजिक राष्ट्रीय एकता की नींव डाले।

लोगों में एक भ्रम घर कर गया है। वे सोचते हैं कि भाषा बनाने से नहीं बनती वह स्वाभाविक है। इसीलिये व्याकरण को भाषा का गुलाम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहा जाता है भाषा को व्याकरण का गुलाम नहीं। यह जंगली युग की विचारधारा का अवशेष भाषा सुधार और एक भाषा निर्माण में बाधक बना हुआ है। जिस समय मनुष्य गुफाओं में रहता था उस समय यही सोचता था कि घर तो बनाने से नहीं बनता वह प्राकृतिक है, नदी नाले बनाने से नहीं बनते वे प्राकृतिक हैं, खाद्यसामग्री पैदा करने से पैदा नहीं होती वह प्राकृतिक है, पर विकसित मनुष्य ने इन सब मूढ़ताओं को दूर हटा दिया। गुफाओं की जगह उसने एक से एक बढ़िया इमारतें बनाई नदी नालों से अधिक सुन्दर और व्यवस्थित नहरें निकालकर खेती का कायाकल्प कर दिया, स्वेज और पनामा की नहरें निकालकर नये समुद्र मार्ग तक बना डाले, खाद्यसामग्री के लिये प्राकृतिक फलों पर निर्भर रहकर उसने खेती और बगीचों से दुनिया ही बदलदी, हर बात में मनुष्य ने श्रम और बुद्धि से काम लेकर दुनिया का कायाकल्प किया है, ऐसे मनुष्य के लिये यह शर्म की बात होगी कि वह बेहूदी भाषाओं से चिपटा रहे और बुद्धिसाध्य व्यवस्थित मानवभाषा का निर्माण न करे।

यों धीरे धीरे भाषा के बारे में थोड़ा बहुत वह सुधार करता आया है। पुरानी संस्कृत भाषा के स्थान में उसने कम जटिल और सरल प्राकृत भाषाओंका उपयोग किया और उससे कम जटिल आजकी हिन्दी मराठी आदि का उपयोग कर रहा है इसलिये उसका व्याकरण भी बदलता रहा है संस्कृत में एक धातु के एक सौ अस्सी रूप बनते थे और एक धातु के रूपों से दूसरी धातु के रूप बनाने के तरीके दूसरे होते थे अब आज हिन्दी गुजराती मराठी में यह व्यर्थ का बोझ बहुत कुछ दूर होगया है, इस प्रकार धीरे धीरे मनुष्य भाषासुधार करता तो आरहा है पर यह इतना मन्द गति से होरहा है और दुनिया की भाषा-सम्बन्धी वंश परम्परायें इतनी जुदी जुदी हैं कि अब इनसे काम नहीं चल सकता। अब पुरानी इमारत की मरम्मत से काम नहीं चल सकता अब तो नई इमारत ही बनाना पड़ेगी, बुद्धिपूर्वक बिलकुल नई मानवभाषा का निर्माण करना पड़ेगा। ऐसी भाषाएँ बनने भी लगी हैं और करीब २०० बन चुकी हैं और उनमें तीन जिन्दा भी सुनीजाती हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस पुस्तक में ऐसी ही एक मानवभाषा का नमूना पेश किया गया है। मेरा यह दावा नहीं है कि जो नमूना मैंने बनाया है वही मानवभाषा बने। मैंने यह नमूना तो इसलिये बनाया है कि मानवभाषा के निर्माण की तरफ लोगों का ध्यान जाय और इस प्रयत्न की उपयोगिता सम्भवनीयता या व्यावहारिकता को लोग समझें। अच्छा तो यह होगा कि संसार के भाषाशास्त्रियों की एक परिषत् बनाई जाय उसके सामने ऐसे ऐसे अनेक नमूने पेश किये जायँ और उन सबके आधार से सब से सरल और सब से अधिक परिपूर्ण एक मानवभाषा का निर्माण किया जाय यही मानवभाषा सब देशों के शिक्षण क्रम में अनिवार्य कर दी जाय। जब तक जिसकी इच्छा हो तब तक वहां अपने देश की या प्रांत की भाषाएँ चालू रहें पर यह मानवभाषा—जो थोड़े ही दिनों में कम से कम परिश्रम में सीखो जासकती है—दूसरी भाषा के रूप में जरूर चालू हो। इसके जरिये विश्व के किसी मानव से कौटुम्बिक और सामाजिक सम्बन्ध स्थापित किया जायगा। मानवभाषा आज की भाषाओं पर किसी तरह की जबर्दस्ती न करेगी, प्रांतीय या राष्ट्रीय भाषाएँ निर्बाध रूप में अपना काम करें मानवभाषा को कोई आपत्ति नहीं पर अन्तर्राष्ट्रीय तथा अन्तरप्रांतीय व्यवहार के लिये मानवभाषा का अधिक से अधिक उपयोग होगा। अपनी मातृभाषा या राष्ट्रभाषा के साथ मानवभाषा का जानना हर एक शिक्षित व्यक्ति को अनिवार्य होना चाहिये।

हां! कुछ पीढ़ियों के बाद मानवभाषा का साहित्य समृद्ध होसकता है, सरलता के कारण इसका व्यवहार बहुत ज्यादा बढ़ सकता है ऐसी हालत में आशा की जासकती है कि आज की जटिल भाषाओं का बोझ मनुष्य स्वेच्छा से उतार फेंकें। जब हर एक क्षेत्र में मनुष्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण से काम कर रहा है तो भाषा के क्षेत्र में भी उसे करना चाहिये। इसी ध्येय की पूर्ति के लिये मानवभाषा का यह नमूना पेश किया जाता है। आशा है मनुष्य मात्र में सहयोग बढ़ाने के लिये, दुनिया को एकराष्ट्र एक कौम बनाने के लिये इससे मदद मिलेगी।

मानवभाषा का यह नमूना पाठकों को कुछ अटपटा सा मालूम होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्योंकि आदमी जिस भाषा को बाल्यावस्था से सीखलेता है वह जटिल से जटिल और कर्णकटु क्यों न हो उसे वह सरल और मीठी मालूम होती है और उससे भिन्न नई भाषा में अटपटापन मालूम होता है। वह सरलता की कसौटी यह बनाता है कि जो अपनी भाषा से मिलती जुलती हो। मानवभाषा संसार की किसी खास भाषा के आधार से नहीं बनाई गई है इसलिये किसी को वह अपने से मिलती जुलती न मालूम होगी इस दृष्टिसे मानवभाषा की सरलता की परीक्षा न करना चाहिये। यद्यपि इसमें हिन्दी उर्दू संस्कृत अरबी फारसी के भी सरल शब्द लिये गये हैं तथा संसार की अन्य भाषाओं के शब्द भी लिये जायँगे फिरभी सभी को इसमें नयापन दिखेगा इसलिये हर एक को यह समझकर ही चलना चाहिये कि यह एकदम नई भाषा है। इसकी सरलता इस बातमें है कि इसके व्याकरण के नियम परिपूर्ण होनेपर भी थोड़ेसे थोड़े हैं अपवाद रहित हैं, तथा वर्णमाला के क्रमसे सरलता से याद रक्खे जासकते हैं। शब्दोंमें लम्बापन कम है संयुक्ताक्षर से शुरुआत न होने से तथा बीचमें भी संयुक्ताक्षर बहुत कम होने से उच्चारणमें सरलता है। संसार की किसी भी नई भाषा को सीखने की अपेक्षा इस भाषा को सीखने में परिश्रम और समय कमसे कम लगता है। शिक्षित व्यक्ति एक दिनमें ही इसका सारा व्याकरण याद कर सकता है।

होसकता है कि इससेभी सरल सुन्दर भाषा बनाई जासके, पर इसको देखकर मानवभाषा की राह में हम काफी आगे बढ़सकेंगे और इसकी जरूरत समझ सकेंगे तथा इसे व्यावहारिक भी मान सकेंगे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आज की भाषाएँ

आजकी भाषाएँ कितनी जटिल अनियमित तथा कंगाल हैं इसके ऊपर गौर करने से हमें मनुष्य की रूढ़िप्रियता पर तरस आता है कि वह इस वैज्ञानिक युग में भी कैसे इन भाषाओं से चिपटा हुआ है। यद्यपि इस छोटी सी पुस्तक में संसार की सब भाषाओंकी समीक्षा नहीं की जासकती पर किसी एक भाषा की ही समीक्षा करने से पता लगसकता है कि संस्कृति की अन्धता के कारण मनुष्य कैसी बेहूदी भाषाओं से चिपटा हुआ है। चूंकि यह पुस्तक हिंदी भाषा में लिखी जारही है इसलिये हिंदी की ही आलोचना यहां की जाती है। मौके मौके पर दूसरी भाषाओं की ओर भी संकेत कर दिया जायगा। और जिन भाषाओं की तरफ संकेत न किया जायगा उन भाषाओं को जाननेवाले भी उन दोषों को पढ़कर अपनी अपनी भाषा के दोष समझ सकेंगे।

१— लिंगोंकी गड़बड़ी

१-बहुतसी भाषाओंमें लिंगों की संख्या अपूर्ण है। हिंदीमें स्त्रीलिंग पुल्लिंग सिर्फ दो ही लिंग हैं। जड़ पदार्थ वाची शब्दों को भी स्त्री या पुरुष बनाना पड़ता है जो कि बड़ा कठिन, निराधारसा और अव्यवस्थित होता है।

२-जिन शब्दों से स्त्री पुरुष या नर मादा दोनों का बोध होता हैं उन्हें भी पुलिंग या स्त्रिलिंग या नपुंसक लिंग कहदिया जाता है। मनुष्य शब्द से नर नारी दोनों का बोध होता है पर मनुष्य शब्द पुल्लिंग है। कोयल शब्द से नर कोयल और मादा कोयल समझे जाते हैं पर कोयल शब्द स्त्रीलिंग है।

३-शब्द और अर्थ के लिंगों में कहीं कहीं बिलकुल उलटापन है। कलत्र शब्द संस्कृतमें नपुंसक लिंग है और दार शब्द पुल्लिंग है जब कि उनका अर्थ स्त्री है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४–भाववाचक संज्ञाओं को भी स्त्री या पुरुष बनादिया जाता है। मनुष्यत्व [त्व] हिन्दीमें पुल्लिंग (संस्कृत में नपुंसक लिंग) मनुष्यता स्त्रीलिंग।

५–जड़ पदार्थों को भी स्त्री या पुरुष बना दिया जाता है। मिट्टी स्त्रीलिंग पानी पुल्लिंग। हिन्दीमें सूर्य चन्द्र पुल्लिंग अंग्रेजीमें सूर्य पुल्लिंग, चन्द्र स्त्रीलिंग। ईंट दाल रोटी स्त्रीलिंग, पत्थर भात लड्डू पुल्लिंग। जब कि इनमें स्त्री या पुरुष का कोई चिन्ह नहीं होता।

निःसन्देह किसी युगमें इन शब्दोंके अर्थमें स्त्री या पुरुष के किसी गुण की समानता के कारण इन्हें स्त्री या पुरुष कहदिया गया। जैसे तेजस्वी होनेसे सूर्य पुल्लिंग, कोमल तथा शान्तिप्रद होनेसे चन्द्र स्त्रीलिंग, छोटी होनेसे तलैया स्त्रीलिंग बड़ा होने से तालाब पुल्लिंग आदि, पर यह समानता इतनी अनिश्चित और लुप्त है कि इसका पता नहीं लगाया जासकता, साथ ही विरोधी समानताएँ भी दिखती हैं जैसे–चन्द्र तारों से बड़ा दिखाई देता है इसमे उसे तारापति कहते हैं इसलिये उसे पुल्लिंग कहाजाय या कोमल होनेसे स्त्रीलिंग। छोटे छोटे दिखाई देने से तारों को स्त्रीलिंग कहाजाय या विज्ञान की मान्यता के अनुसार इन्हें बड़े बड़े सूर्य मानकर पुल्लिंग? ये सब झंझटें हैं। छोटेपन को स्त्रीत्व का प्रतीक और बड़ेपन को पुरुषत्व का प्रतीक मानना भी क्या अब उचित है?

६–शब्दों का रूप देखकर यह पता नहीं लगता कि यह पुल्लिंग या स्त्रीलिंग है। पानी और भात ईकारान्त और अकारान्त होनेपर पुल्लिंग है और रोटी और दाल स्त्रीलिंग हैं। जब कि इस विषय का कोई एक नियम होना चाहिये।

७–अनेक शब्दों के स्त्रीलिंग रूप और पुल्लिंग रूप बिलकुल विषम होते हैं। जैसे गाय बैल, स्त्री पुरुष, मादा नर, औरत मर्द, लेडी जेन्टिलमेन, आदि। वास्तव में सामान्य शब्द किसी एक नियम के आधार पर स्त्रीलिंग पुल्लिंग बनना चाहिये।

८–स्त्रीत्व वाची और पतीत्व वाची रूपों में बड़ी गड़बड़ी है। साला साली, बहिनभाई हैं जब कि मामा मामी पति पत्नी हैं। राज्य करने वाली

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नारी को भी रानी कहते हैं और राज्य न करनेवाली किन्तु राजा की पत्नी कहलाने वाली को भी रानी कहते हैं। मास्टरी करने वाली भी मास्टरिन, और मास्टरी न करनेवाली किन्तु मास्टरकी पत्नी कहलानेवाली भी मास्टरिन। इस तरह बड़ी गड़बड़ी है।

६—अनेक शब्द अपने रूप के कारण एक ही शब्द के स्त्रीलिंगी पुल्लिंगी रूप मालूम होते हैं पर वास्तवमें वे जुदे जुदे होते हैं यहां तक कि लिंग भी बिलकुल उल्टा होता है जैसे माला माली। ऐसा लगता है कि माला शब्द पुल्लिंग है और उसीका स्त्रीलिंग रूप माली है जबकि दोनों के लिंग उल्टे हैं और अर्थ भी अलग अलग है। कहीं कहीं लिंगभ्रम नहीं होता पर अर्थभ्रम होता है। जैसे अंगूठा अंगूठी, छाता छाती, आदि।

२—कारक दोष

१—कारकों की संख्या अधूरी है। 'मैं तुम्हें प्रवास केलिये पचास रुपये देता हूँ' इस वाक्य में 'तुम्हें' और 'पचास रुपये' दोनों कर्म हैं फिर भी अलग हैं पर दोनों केलिये अलग अलग कारक नहीं हैं। 'तुम्हें' को अगर सम्प्रदान कहकर चौथी विभक्ति कहा जाय तो 'प्रवास केलिये' को क्या कहाजाय ? प्रयोजन और सम्प्रदान को अलग अलग कारकों की जरूरत है पर नहीं हैं। रूसी भाषा में अपादान है ही नहीं। सम्बन्ध या अधिकरण से उसका काम चलाते हैं।

२—विभक्ति प्रत्यय और उनके लगाने के नियम अव्यवस्थित हैं।
कहीं प्रथमा में कोई चिन्ह नहीं लगाते, जैसे 'घर'।
कहीं 'ए' या 'एँ' लगाते हैं जैसे 'लड़के' बातें।
कहीं 'याँ' लगाते हैं जैसे लड़कियाँ।
संस्कृत आदि भाषाओंमें तो और भी गड़बड़ियाँ हैं।
अब जरूरत इस बातकी है कि शब्द कैसा भी हो उसमें विभक्ति प्रत्यय एक सरीखा लगना चाहिये।

३—विभक्ति प्रत्यय अनेक विभक्तियों में कभी कभी मिल जाते हैं जैसे कर्म और सम्प्रदान दोनों में 'को' आता है। करण और अपादान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोनों में 'से' आता है। मैं जहाज से आया इसका मतलब समझना कठिन है। मैं जहाज देखने गया था इसलिये वहां से चला आरहा हूँ या जहाज द्वारा कहीं से आरहा हूँ। जहाज करण है या अपादान पता नहीं लगता। संस्कृतमें यह गड़बड़ी और भी ज्यादा है। वनानि प्रथमा और द्वितीया दोनों का बहुवचन है। रमे, सम्बोधन का एक वचन और प्रथमा का तथा द्वितीया का द्विवचन है। रामाभ्याम् तृतीया चतुर्थी पंचमी तीनोंका द्विवचन है।

४–कहीं प्रत्यय लगाना ठीक समझा जाता है कहीं प्रत्यय न लगाना ठीक समझा जाता है। मैं खाता हूँ, मैं खाऊंगा, मैंने खाया। यहां पहिले दो वाक्यों में 'ने' नहीं है अगर लगाया जाय तो गलत समझा जायगा। तीसरेमें 'ने' लगाना जरूरी है, न लगाया जाय तो गलत होजायगा। इस प्रकार के अपवाद क्यों होना चाहिये ?

५–विभक्ति लगाने के नियम भी काफी गड़बड़ हैं यह निर्णय करना कठिन होजाता है कि कब कौनसी विभक्ति लगाना। संस्कृतमें नमः के योग में चतुर्थी, आदि बहुतसे अपवाद हैं। दिनमें सोना मना है के बदलेमें दिनको सोना मना है, मैं वहां जाना है न होकर मुझको वहां जाना है, आदि गड़बड़ियाँ बहुत हैं। कहीं कहीं कर्म आदिमें भी विभक्ति चिन्ह लुप्त होते हैं। मैं लकड़ी तोड़ता हूँ, मैं लकड़ी मारता हूँ, इन वाक्योंमें से पहिले में लकड़ी कर्म है दूसरे में करण, पर विभक्ति चिन्ह है ही नहीं।

६–कहीं कहीं विभक्तिप्रत्ययों का अभाव है। हिन्दीमें सम्बन्ध विभक्तिका कोई चिन्ह ही नहीं। उसका काम तद्धित प्रत्ययों से चलाना पड़ता है इसलिये उसका उसको तुम्हारी आदि रूप बनते हैं। रूसी भाषा में भी कहीं कहीं इसी तरह काम चलाते हैं वहां भी सम्बन्ध विभक्ति में तद्धित प्रयोगों की तरह विशेषणरूप बनाये जाते है जो विशेष्य के लिंग के अनुसार अलग अलग होते हैं।

जैसे–वाश (तुम्हारा) वाशा [तुम्हारी] वाश्ये [नपुंसक लिंगमें तुम्हारा]

७–विभक्ति चिन्ह इस क्रम से नहीं हैं कि उनको याद करनेमें को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुभीता हो। ने को से केलिये आदिमें स्वर या व्यंजन का कोई क्रम नहीं। इसी तरह अंग्रेजी के टू, बाइ, फार, फ्रोम, आफ आदि में भी कोई क्रम नहीं। यही हाल अन्यभाषाओं का है।

३—पुरुष-रूप दोष

१—उत्तम मध्यम अन्य पुरुष के रूप किसी क्रम से नहीं है, न स्वर मिलते हैं न व्यञ्जन, न उनका कोई क्रम, न एक वचनसे बहुवचन बनाने की एकरूपता। देखिये—

	उत्तम पुरुष		मध्यम पुरुष		अन्यपुरुष	
	एक.	बहु.	एक.	बहु.	एक.	बहु.
हिन्दी	मैं	हम	तू	तुम	वह	वे
अंग्रेजी	आइ	वी	दाउ	यू	ही, शी, इट्	दे
रूसी	या	मुइ	टुइ	वुइ	ऑन, ऑना ऑनॉ	ऑनी

संस्कृत अहम् आवाम् वयम् त्वम् युवाम् यूयम् सः तौ ते [पुं.]
द्वि. व. (द्वि. व.) सा ते ताः [स्त्री.]
तत् ते तानि[नपुं.]

२—किसी किसी पुरुष में लिंगभेद नहीं है किसी में है। रूसी और संस्कृत के अन्य पुरुष में पुल्लिंग स्त्रीलिंग नपुंसक लिंग के रूप अलग अलग हैं बाकी में एक हैं। इनमें अनेक रूप मिल भी गये हैं।

३—पुरुषवाची सर्वनामों की कारक रचना अनियमित है। तुमको तुमने आदि बोलेंगे पर तुम की तुमका आदि नहीं। अंग्रेजी में टु आई नहीं टुमी, आफ आई नहीं माइ, आफ ही नहीं हिज आदि अनियमित प्रयोग हैं।

४—क्रियादोष

१—संस्कृत आदि भाषाओं में तो क्रियाओं के इतने अधिक रूप बनते हैं और एक क्रिया के रूपों के तरीके दूसरी क्रिया के रूपों के तरीके से काफी भिन्न होने से वर्षों क्रियारूपों के समझने में लग जाते हैं। आज

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की भाषाएँ यद्यपि इतनी जटिल नहीं हैं फिर भी उनमें काफी गड़बड़ी है।

२—हिन्दी में तो क्रिया में लिंग भी होता है जो अनावश्यक है।

३—सब क्रियाओं के रूप एक ढंग से नहीं बनते। खाना से खाया, तो जाना से गया, और होना से हुआ। नियमानुसार बनाने के लिये खाया जाया होया होना चाहिये था। पर नहीं होता।

४—विभिन्न कालों के लिये संयुक्त क्रियाओं की बहुत जरूरत पड़ती है। जैसे वर्तमान रूप 'जाता है' में सिर्फ जाना क्रिया से काम न चला, 'है' और मिलाना पड़ा। पर भूतकाल में नहीं मिलाया गया वहाँ 'गया' ही रहा। 'जारहा हूँ' आदि में जाने के साथ 'रहना और होना क्रियाएँ मिलाना पड़ीं, अंग्रेजी में भी 'हैव' आदि क्रियाएँ मिलाना पड़ती हैं।

संस्कृत की अपेक्षा सरल होनेपर भी क्रियाओं के रूपों में इतनी जटिलता और कठिनता है कि मातृभाषा वालों को भी उसके सब रूपों के समझने में दिक्कत जाती है।

७—अन्यदोष

यहां खास बातों को लेकर प्रचलित भाषाओं के दोष बताये गये हैं। पर कृदन्त तद्धित आदि की जटिल और विविध रूपों की आलोचना में काफी विस्तार होगा। आजकल की भाषाओं में शब्दों के रूप जितने क्लिष्ट होते हैं लम्बे होते हैं संयुक्ताक्षरों से भरे होते हैं, प्रारम्भ में ही संयुक्ताक्षर होते हैं, इन सब की विवेचना करने की जरूरत नहीं है। मानव-भाषा ऐसी बनाना है जिसमें ये दोष न हों। यहाँ प्रचलित भाषाओं की विशेष आलोचना नहीं की जाती। मानव भाषा के प्रकरणों को देखकर हर पाठक को अन्य भाषाओं के व्याकरण आदि से तुलना कर लेना चाहिये। तब समझ में आजायगा कि मानव भाषा के व्याकरण धातुकोष रिश्तेदारी के शब्द आदि में क्या विशेषता है। उसमें कितनी बुद्धिसंगतता है जिससे रटने पर अधिक जोर न पड़े।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानवभाषा

१—परिपूर्ण वर्णमाला

स्वर—अ आ इ ई उ ऊ ए ए ऐ ऐ ओ ओ औ औ

अल्पप्राण—क ग च ज ट ड त द प ब

महाप्राण—ख घ छ झ ठ ढ थ ध फ भ

फुटकर—ह ळ श य व र ल न म ÷ (अनुस्वार)

विशेषोच्चरित— ऋ क़ ख़ ग़ ज़ ड़ ढ़ फ़ ल़ व़

लहरीवर्ण— ज़~ न~ म~ र~ ल~ स~ श~

अ- हर एक स्वर अनुनासिक और निरनुनासिक दो तरह का होता है।

आ— लहरीवर्ण एक तरह के अर्धस्वर हैं जो स्वर की तरह पूरे जा सकते हैं। ऋ लृ भी लहरी वर्ण में गिन लिये गये हैं। जानकार आदमी इनका उच्चारण करके इन्हें अलग अलग बता सकता है।

इ—ङ ञ ण आदि वर्ण अनावश्यक हैं। ङ का काम अनुस्वार करता है। ञ को यँ से, ण को ड़ँ से अलग नहीं समझा जासकता।

ई—श से ष को अलग नहीं समझा जासकता।

उ— ए ऐ ओ औ को ह्रस्व और दीर्घ दो तरह समझना चाहिये।

ऊ— विशेषोच्चरित वर्णों का प्रयोग मानव भाषा के शब्दों में न होगा। दूसरी भाषाओं के व्यक्तिवाचक नाम जब मानवभाषा में लिखे जायँगे तब उनका उपयोग होगा।

ए— लहरीवर्णों का प्रयोग शब्दों में न होगा सिर्फ किसी आवाज के दर्शन में होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२—भाषानिर्माण की सूचनाएँ

अ—मानव भाषा के निर्माण में संसार की प्रायः सभी भाषाओं या मुख्य मुख्य भाषाओं के शब्दों को अपनाया जायगा।

आ— साधारण बोलचाल के शब्द छोटे और सरल होंगे। संयुक्ताक्षरों का प्रयोग कम से कम किया जायगा। य र व को छोड़कर अन्य वर्णों के साथ मिला हुआ संयुक्ताक्षर शब्द के प्रारम्भ में न लाया जायगा।

इ— शब्द का अन्तिम स्वर ऐसा बनाया जायगा। जिससे शब्द के रूप (अव्यय क्रियापद संज्ञा) लिंग का पता जल्दी लगजाय।

ई— शब्दों के निर्माण में इस बात का खयाल रक्खा जायगा कि कोई प्रत्यय या विभक्तियों सरीखा वर्ण किसी शब्द के अन्त में न आये।

३— सन्धि नियम

दो शब्दों को मिलाकर एक शब्द बनाने में [समास करने में], दो क्रियाओं को मिलाकर एक क्रिया बनाने में, प्रत्यय आदि जोड़ने में सन्धि होती है। दो पदों में सन्धि नहीं होती।

सन्धि के नियम ये हैं।

अ—ह्रस्व अ के आगे कोई स्वर आजाये तो ह्रस्व अ लुप्त हो जाता है। शेष व्यञ्जन आगे के स्वर में मिलजाता है।

आ—इ उ के आगे समान स्वर आनेपर दोनों के स्थान पर उसका दीर्घ रूप होजाता है।

इ—ह्रस्व अ को छोड़कर किसी भी स्वर के आगे विषम स्वर आये तो सन्धि नहीं होती।

ई—य में इ या ई की मात्रा मिले तो य विकल्प से लुप्त होजाता है सिर्फ इ या ई रहजाती है।

उ— ए ओ ऐ औ के साथ अनुस्वार हो तो अनुनासिक होजाता है।

४—लिंग निर्णय

१—मानवभाषा में शब्द लिंग की दृष्टि से चार भागों में विभक्त होंगे १—उभय लिंगी २—पुल्लिंगी ३ स्त्रीलिंगी ४—अलिंगी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अ--नर मादा का भेद न करने पर प्राणिवाची मूलशब्द उभयलिंगी होंगे।

आ--नर द्योतक शब्दरूप पुल्लिंगी होंगे।

इ--मादा द्योतक शब्दरूप स्त्रीलिंगी होंगे।

ई-जड़ पदार्थ द्योतक शब्द, तथा भाववाचक संज्ञाएँ अलिंगी होंगी।

जड़ पदार्थ द्योतक ऐसी संज्ञाएँ जिन्हें हमने कल्पना आदि से सजीवता का रूप देदिया हो तो उन्हें भी लिंग मिल जायगा। जैसे लक्ष्मी धन को कहते हैं पर अगर हमने उसे रूपक बनाकर देवी मानलिया तो उसको सजीवसृष्टिमें गिना जायगा और स्त्रीलिंग माना जायगा।

उ--विशेषण का लिंग विशेष्यके अनुसार होगा।

ऊ--क्रियापद में लिंग न होगा।

२--अ--उभयलिंगी संज्ञाशब्द और विशेषण शब्द अकारान्तही होगा।

आ--पुल्लिंगी शब्द आकारान्त बनादिया जायगा।

इ--स्त्रीलिंगी शब्द ईकारान्त बनादिया जायगा।

ई--भाववाचक संज्ञाओं को छोड़कर बाकी संज्ञाशब्द अलिंगी होनेपर उकारान्त बना दिये जायेंगे।

पुल्लिंग स्त्रीलिंग रूपों का अर्थ यह नहीं है कि उनमें पतिपत्नी भाव है। नारीत्व बात अलग है पत्नीत्व बात अलग है। साला शब्द का स्त्रीलिंगी रूप साली है पर साले की पत्नी साली नहीं है। मानवभाषा में इन दोनों का भेद साफ रक्खा गया है।

अ--जहां सिर्फ स्त्रीत्व का बोध करना हो वहां शब्द ईकारान्त कर दिया जायगा।

आ--जहां पत्नीत्व का बोध करना हो वहां शब्द के अन्त में नी लगा दिया जायगा। जैसे--

मगा=भाई, मगी=बहिन, मगनी=भौजाई।

राजा=राजा, राजी=राज्यकरनेवाली रानी, राजनी=राजा की पत्नी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इ-- जहां पति का बोध करना हो वहां ना लगा दिया जायगा, जैसे-- राजना= राज्य करने वाली रानी का पति। इस प्रकार माता बात एक है पिता की पत्नि बात दूसरी। माता को ममी कहेंगे पिता की पत्नी को ममनी। ममी का अर्थ पिता की पत्नी नहीं है। साधारणतः ममनी का अर्थ विमाता होगा।

नोट— यद्यपि रानी के पति को राजीना, और राजा की पत्नी को राजानी कहना चाहिये पर राजीना को राजना, और राजानी को राजनी कहने में कोई अड़चन नहीं है। क्यों कि राज का अर्थ राजा रानी दोनों होता है। पर पत्नी किसी पुरुष की ही होगी पति किसी स्त्री का ही होगा इसलिये राजनी में राज का अर्थ राजा, और राजना में राज का अर्थ रानी होगा। राजनी= राजा की पत्नी, राजना= रानी का पति। इस प्रकार रिश्तेदारोंके अन्य शब्दों में भी विचार करना चाहिये।

५-संज्ञाशब्द

अ--किसी विचारगत वस्तुके नाम को संज्ञा कहते हैं। विचारगत वस्तु जगत में हो भी सकती है और नहीं भी होसकती, पर दोनों हालतों में संज्ञा बनसकती है। लोक में ऐसे देवी देवों के नाम प्रचलित हैं जिनका अस्तित्व है हो नहीं, फिर भी उनके नाम संज्ञा कहे जायँगे। चन्द्रमा में समुद्रों के नाम रखलिये गये पर बाद में वहां समुद्र निकले ही नहीं। ईथर आदि तत्व अनिश्चित हैं फिरभी उनकी संज्ञा है। इसलिये यह जरूरी नहीं है कि कोई चीज हो ही, हमने जिसकी कल्पना करली और उसका नाम रखलिया, फिर चाहे वह हो या न हो उसका नाम संज्ञा कहलाने लगा।

आ--संज्ञाओं के भेद पदार्थ विज्ञान की दृष्टिसे नहीं होते, वे संज्ञा शब्दों के रूपों की दृष्टिसे होते हैं संज्ञा शब्दोंके तीन भेद हैं १—व्यक्ति वाचक २--जातिवाचक ३--भाववाचक।

१--व्यक्तिवाचक संज्ञा--सजीव निर्जीव-.कल्पित अकल्पित किसी खास वस्तुके नामको कहते हैं जैसे-- गंगा यमुना बम्बई कलकत्ता, लक्ष्मी सरस्वती विष्णु राम कृष्ण सीता आदि। व्यक्ति वाचक संज्ञाओंमें ये विशेषताएं पाई जाती हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१) भाषाओं के बदलने पर भी उनका अनुवाद नहीं होता। किसीका नाम विद्या हो तो अंग्रेजी में उसे नालेज के नामसे नहीं पुकारेंगे। उसका नाम वहां भी विद्या ही लिखा जायगा।

अपभ्रंश होकर उच्चारण कुछ बदलजाय या एक व्यक्ति के अनेक नाम होजायँ तो यह बात दूसरी है।

(२) व्यक्तिवाचक संज्ञाओं का बहुवचन नहीं होता, क्योंकि वह किसी एक ही व्यक्ति की संज्ञा है। हां! कभी कभी व्यक्ति वाचक संज्ञा किसी विशेष पद योग्यता आदि की सूचक होजाती है तब उसमें बहु-वचन होता है। पर ऐसे अवसर पर वह एक तरह की जातिवाचक संज्ञा बनजाती है। 'भारत ने हजारों सीताएँ पैदा की हैं'। यहां सीता संज्ञा, व्यक्तिवाचक से जातिवाचक बनगई है। पर जहां व्यक्तिवाचक संज्ञा व्यक्तिवाचक ही रहती है वहां उसमें बहुवचन नहीं होता।

[३] मानवभाषा में लिंग के अनुसार शब्दों के रूप आकारान्त ईकारान्त आदि होते हैं पर यह नियम व्यक्तिवाचक संज्ञाओं को लागू नहीं होता। क्योंकि हर व्यक्ति का नाम मानवभाषा के नियम के अनुसार ही रक्खा जाये ऐसा नियम तो है नहीं, और मानवभाषा में उसका उल्लेख तो करना ही पड़ेगा तब उसे ज्यों का त्यों ही लाना पड़ेगा, उसका अनुवाद तो किया नहीं जासकता।

२-समानता के आधार पर किसी वस्तुसमूह के नाम को जाति-वाचक संज्ञा कहते हैं। इसमें लिंग व्यवस्था के अनुसार आकारान्त ईकारान्त आदि रूप बनते हैं।

३-भाववाचक संज्ञा उसे कहते हैं जो किसी वस्तुके धर्म का या क्रिया का नाम हो। यह संज्ञा ओकारान्त ही होती है और अलिंगी मानी जाती है। जैसे-जयो-जीतना=विजय। मित्रो-मित्रता।

६-विभक्ति चिन्ह

मानवभाषा में दस विभक्तियाँ हैं और एकवचन और बहुवचन ऐसे दो वचन हैं। अल्पप्राण दस व्यंजन क्रम से दस विभक्तियों के एकवचन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के चिन्ह हैं और महाप्राण दस व्यंजन क्रम से दस विभक्तियों के बहुवचन के चिन्ह हैं। हर एक विभक्ति चिन्ह एकारान्त ही होता है।

विभक्ति नम्बर	नाम	एकवचन	बहुवचन
पहिली	कर्ता	के	खे
दूसरी	कर्म	गे	घे
तीसरी	उपकर्म	चे	छे
चौथी	करण	जे	झे
पांचवी	प्रयोजन	टे	ठे
छट्ठी	वियोग	डे	ढे
सातवीं	अयन	ते	थे
आठवीं	आधार	दे	धे
नवमी	सम्बन्ध	पे	फे
दसवीं	सम्बोधन	बे	भे

कर्ता—जो क्रिया का करनेवाला है। 'राधा रोटी खाती है' इस वाक्य में 'राधा' कर्ता है।

कर्म—क्रिया का मुख्य विषय हो—जैसे ऊपर के वाक्य में 'खाना' क्रिया का मुख्य विषय है 'रोटी'।

उपकर्म—क्रिया का जो गौण विषय हो अथवा कर्म का भी विषय हो। जैसे राधा श्याम को रोटी खिलाती है। इस वाक्य में रोटी मुख्य कर्म, श्याम गौण कर्म। सम्प्रदान का भी प्रयोग इसी विभक्ति में होगा।

करण—जिसके द्वारा कोई क्रिया की जाय। जैसे चाकू से काटता हूँ। इस वाक्य में चाकू।

प्रयोजन=जिसके लिये क्रिया की जाय। जैसे पढ़ने के लिये तुम्हें रुपये देता हूँ, इस वाक्य में, पढ़ने के लिये।

वियोग—क्रिया के द्वारा जिस चीज से कर्ता अलग या उससे भिन्न मालूम हो। श्याम नगर से आया, अथवा आम से तरबूज बड़ा है। इन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाक्यों में नगर और ग्राम।

लयन–जिसके भीतर कर्ता क्रिया कर रहा हो। वह घर में बैठा है। इस वाक्य में घर में।

आधार–जिसको आधार बनाकर कर्ता क्रिया कर रहा हो। वह छतपर टहल रहा है, इस वाक्य में छतपर।

सम्बन्ध–जिससे कर्ता का सम्बन्ध मालूम हो।

सम्बोधन-क्रिया के लिये कर्ता को बुलाया जाय।

७–सर्वनाम

[१] संज्ञाके स्थानपर आनेवाले या उसे सूचित करनेवाले शब्द को सर्वनाम कहते हैं। मैं तू वह कौन आदि।

[२]–संज्ञा शब्दों के समान सर्वनाम में भी लिंग व्यवस्था होगी। अम, अमा, अमी आदि, सर्वनाम हैं।

[३] पुरुषवाची सर्वनाम मैं तू वह आदि चर्चा में कुटुम्बी की तरह हैं इसलिये म के आधार से इनके रूप बनेंगे। और उत्तम मध्यम अन्य पुरुष केलिये क्रमसे अ इ उ स्वर जोड़े जायेंगे। इस प्रकार अम इम उम शब्द बनजायेंगे फिर लिंग के अनुसार इनके अमा अमी आदि रूप बन जायेंगे बाद में विभक्तिवचन चिन्ह लगाये जायेंगे।

	सामान्यलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	अलिंग
उत्तम पुरुष	अम	अमा	अमी	अमु
मध्यम ,,	इम	इमा	इमी	इमु
अन्य ,,	उम	उमा	उमी	उमु
,, ,,	ऊम	ऊमा	ऊमी	ऊमु
,, ,,	ओम	ओमा	ओमी	ओमु

अन्यपुरुष दो तरह का होता है। निकटवर्ती दूरवर्ती यह और वह। जहां निकट दूर का भेद न करना हो वहां 'उम' शब्द का प्रयोग करना चाहिये जहां भेद करना हो तो निकटवर्ती यह केलिये 'ऊम' दूरवर्ती वह केलिये ओम।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४) अन्य सर्वनाम निम्नलिखित होंगे

अर्थ	सामान्यलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	अलिंग
कौन क्या	कुम	कुमा	कुमी	कुमु
कितने	गुम	गुमा	गुमी	गुमु
जो	चुम	चुमा	चुमी	चुमु
सो	जुम	जुमा	जुमी	जुमु
युगल	टुम	टुमा	टुमी	टुमु
बहुत	डुम	डुमा	डुमी	डुमु
सब	पुम	पुमा	पुमी	पुमु
अन्य	बुम	बुमा	बुमी	बुमु
दोमें से एक	हुम	हुमा	हुमी	हुमु
बहुतमें से एक	सुम	सुमा	सुमी	सुमु

[५]–सर्वनामों को अगर विशेष आदर सूचक बनाना हो तो उनके पीछे एक 'म' और जोड़ देना चाहिये। अमम, इमम, उमम आदि।

इममा–आप (श्रीमानजी) इममी—आप श्रीमतीजी

गुममा–कोई श्रीमान

उममा–वे श्रीमानजी। उममी—वे श्रीमतीजी

इमम इममा इममी आदि को उच्चारण की सरलता केलिये इम्म इम्मा इम्मी आदि भी कहा जासकता है।

८–विशेषण

(१) संज्ञा की विशेषता बतानेवाले शब्द को विशेषण कहते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाय उसे विशेष्य कहते हैं।

(२) विशेषण चार तरह के होते हैं—अ--संख्यावाचक आ--गुणवाचक, इ--सार्वनामिक, ई--सांज्ञिक।

अ--संख्यावाचक विशेषण से किसी गिनती का पता लगता है। जैसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पच्चीस आदमी, यहां पच्चीस संख्यावाचक विशेषण है। संख्यावाचक विशेषण दो तरह का होता है-संख्या-परिमाणवाचक और संख्यास्थान वाचक।

संख्यापरिमाण वाचक से इस बात का पता लगता है कि कोई चीज कितनी है जैसे पच्चीस आदमी।

संख्या स्थान वाचक से पता लगता है कि संख्या की दृष्टि से उस चीज का स्थान क्या है जैसे पच्चीसवां आदमी।

(३) गुणवाचक विशेषण से विशेष्य के किसी अच्छे बुरे आदि स्वभाव धर्म आदि का परिचय मिलता है। अच्छी लड़की, छोटा बालक आदि।

[४] सर्वनाम शब्द जब किसी संज्ञा शब्द के साथ आकर उसकी विशेषता बताने लगता है तब सार्वनामिक विशेषण बनजाता है। यह आदमी, वह मकान, सब चीजें, कोई स्त्री, आदि में यह वह सब कोई आदि सार्वनामिक विशेषण हैं।

[५] जब एक संज्ञा शब्द किसी दूसरे संज्ञा शब्द की विशेषता बताने के लिये लाया जाता है तब विशेषता बताने वाला संज्ञाशब्द विशेषण बनजाता है। जैसे—सीता मैया, या मैया सीता। पहिले वाक्य में सीता मैया का विशेषण है दूसरे वाक्य में मैया सीता का विशेषण हैं। इसी तरह सम्राट अशोक आदि में सांज्ञिक विशेषण समझना चाहिये।

[६] विशेषण विशेष्य जब साथ साथ आते हैं तब उनमें समास होता है, उस हालत में विशेषण को विभक्ति चिन्ह नहीं लगाना पड़ता। जैसे अच्छी लड़की के लिये। यहां अच्छी में विभक्ति चिन्ह नहीं लगाया गया। संस्कृतमें विशेषण को भी विभक्ति लगाते हैं।

[७] जब विशेष्य लुप्त हो और विशेषण का ही प्रयोग हो तो विशेषण के साथ भी विभक्ति चिन्ह आता है। जैसे—कितने लड़कों के लिये किताबें चाहिये? पच्चीस के लिये। यहां पच्चीस विशेषण के साथ विभक्ति चिन्ह आगया।

[८] विशेष्य के साथ होनेपर विशेषण को लिंग चिन्ह लगाना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

या न लगाना वक्ता की इच्छा पर निर्भर है।

(६) संख्यापरिमाण वाचक विशेषण को लिंग चिन्ह नहीं लगता संख्यास्थान वाचक को लगसकता है। पच्चीस स्त्रियाँ, पच्चीस पुरुष, दोनों में विशेषण के साथ लिंग चिन्ह नहीं है। पर पच्चीसवां पुरुष, पच्चीसवीं स्त्री यहां लिंग चिन्ह है। मानवभाषा में संख्यास्थानवाचक विशेषण में लिंग चिन्ह देना न देना बोलनेवाले की इच्छा पर निर्भर है।

९–क्रिया

[१] जिससे कर्ता के किसी कार्य के होने का पता लगे उसे क्रिया पद कहते हैं। होना भी एक क्रिया ही है। क्रिया पद के मूलरूप को धातु कहते हैं धातु में प्रत्यय लगाने से पता लगता है कि वह क्रिया किस काल में होरही है।

[२] मानवभाषामें सब धातुएँ अकारान्त ही होती हैं और उनमें लिंगभेद या वचनभेद से कोई अन्तर नहीं होता। क्योंकि लिंग वचन और पुरुष कर्ता में होसकते हैं क्रियामें नहीं कर्तापद के रूपसे ही हमें लिंग पुरुष और वचन का पता लगसकता है। क्रियापद पर यह बोझ बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

(३)–क्रिया के मूल काल तीन हैं–वर्तमान, भूत, भविष्य। मानवभाषामें काल सूचक प्रत्यय 'ल' है। इसके वर्तमान रूप केलिये 'ल', भूत रूप केलिये 'लू' और भविष्यरूप केलिये 'ले' रूप बनजाता है।

प्रत्येक काल सात सात तरह का है और उस तरह को बनाने केलिये ल लू या ले प्रत्ययके पहिले क्रम से सात स्वर लगा दिये जाते हैं। इस प्रकार इक्कीस कालों के रूप सरलता से याद किये जासकते हैं। धातुके अन्तमें प्रत्यय लगाने से ठीक काल का पता लगेगा। सन्धि नियम के अनुसार धातुके अन्त का अकार लुप्त होजायगा और व्यंजन प्रत्ययके स्वरमें मिल जायगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१	सामान्यवर्तमान	अल	सामान्यभूत	अलू	सामान्यभविष्य	अले
२	वर्तमान वर्तमान	इल	वर्तमानभूत	इलू	वर्तमानभविष्य	इले
३	स्वभाव वर्तमान	ईल	स्वभावभूत	ईलू	स्वभावभविष्य	ईले
४	भूतवर्तमान	उल	भूतभूत	उलू	भूतभविष्य	उले
५	पूर्णभूत वर्तमान	ऊल	पूर्णभूतभूत	ऊलू	पूर्णभूतभविष्य	ऊले
६	भविष्य वर्तमान	एल	भविष्यभूत	एलू	भविष्यभविष्य	एले
७	विधिवर्तमान	ओल	विधिभूत	ओलू	विधिभविष्य	ओले

४ खाद [खाना] धातु के रूप बनाकर हिन्दीमें उनका अर्थ लिखने से इन इक्कीस कालों का ठीक ठीक उपयोग ध्यानमें आजायगा।

वर्तमान

१–सामान्य वर्तमान–	उम खादल	वह खाता है
२–वर्तमान ,,	,, खादिल	वह खारहा है
३–स्वभाव ,,	,, खादील	वह खायाकरता है
४–भूत ,,	,, खादुल	उसने खाया है
५–पूर्णभूत ,,	,, खादूल	वह खाचुका है
६–भविष्य ,,	,, खादेल	वह खानेवाला है, उसे खाना है
७–विधि ,,	,, खादोल	वह खाये

भूत

१–सामान्य भूत–	उम खादलू	उसने खाया
२–वर्तमान ,,	,, खादिलू	वह खारहा था
३–स्वभाव ,,	,, खादीलू	वह खाया करता था
४–भूत ,,	,, खादुलू	उसने खाया था
५–पूर्णभूत ,,	,, खादूलू	वह खा चुका था
६–भविष्य ,,	,, खादेलू	वह खानेवाला था
७–विधि ,,	,, खादोलू	वह खाता

भविष्य

सामान्य भविष्य	उम खादले	वह खायगा
वर्तमान ,,	,, खादिले	वह खारहा होगा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

३ स्वभाव ,,	,,	खादीले	वह खाया करे
४ भूत ,,	,,	खादुले	उसने खाया हो
५ पूर्ण भूत ,,	,,	खादूले	वह खा चुके
६ भविष्य ,,	,,	खादेले	वह खानेवाला हो
७ विधि ,,	,,	खादोले	वह खानेवाला है

इन इक्कीस कालों को देखकर बहुत से पाठकों को बहुतसे भ्रम होंगे आजकल के काल नामों का अभाव और उनके स्थान का अभाव किसीको खटकेगा, किसी को नये काल अनावश्यक मालूम होंगे, किसी को यह भ्रम होगा कि यहां भूतको भविष्य मानलिया गया है क्योंकि भविष्य के इतने भेद आजकल प्रचलित नहीं हैं। इन सब भ्रमों के निवारण केलिये यहां कुछ सूचनाएँ दीजाती हैं। [क] संस्कृतमें आज्ञार्थक, आशीर्वादात्मक, तथा विध्यर्थक, ऐसे तीन काल अलग अलग माने गये हैं। पर यह निश्चित है कि आशीर्वादात्मक विध्यात्मक ही है। यों संस्कृतमें भी विधि और आशीर्वाद को एक ही लिङ लकार का भेद माना गया है। हिन्दी आदि में यह भेद उड़गया है क्योंकि संस्कृत युग के बराबर इस युगमें आशीर्वाद का महत्व नहीं रहगया है। इसलिये यहां आशीर्वादात्मक काल तो नहीं ही रक्खा गया, पर आज्ञार्थक को भी विध्यर्थक में गिन लिया गया है। सच तो यह है कि विध्यर्थक का मध्यम पुरुषमें जो अर्थ होता है उसी अर्थमें आज्ञार्थक क्रिया मानी जाती है। यही कारण है कि आज्ञार्थक के प्रथम पुरुष और अन्य पुरुष के रूप नहीं बनते और विध्यर्थक मध्यम पुरुषमें खीच तानकर बनाया जाता है। इसलिये यहां तीनोंके स्थानपर सिर्फ विध्यर्थक ही रक्खा गया है।

[ख] कहीं कहीं सम्भाव्य संदिग्ध प्रश्नार्थक आदि को भी कालमें गिन लिया जाता है जैसे वह आता होगा, क्या मैं आऊं, आदि। असल में ये सब भाव केवल क्रियापदों से व्यक्त नहीं किये जासकते। प्रश्नार्थक वाक्य केलिये 'क्या' आदि शब्दों की सहायता लेना चाहिये, लीजाती है, 'सम्भाव्य' 'संदिग्ध' अर्थ में 'होगा' का प्रयोग तो एक तरह से गलत ही है। वर्तमान और भूत की तरह भविष्य निश्चित नहीं होता इसलिये भविष्य काल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्रियारूप को संदिग्ध आदि अर्थों में ले लिया गया है, पर भविष्य को संदेहार्थक मान लेना ठीक नहीं। पर हिन्दीमें ऐसा मानलिया गया है। आजकी भाषाएँ व्यवस्थित विचार के साथ तो बनाई नहीं गई हैं ये तो मानव समुदायों का ऊबड़खाबड़ संग्रह है इसलिये ऐसी गल्तियाँ होना स्वाभाविक है। होना यह चाहिये कि सम्भाव्य आदि को ठीक शब्दोंमें व्यक्त करें ? जैसे—

वह आता होगा	सम्भवतः वह आता है, सम्भवतः वह आनेवाला है।
तू जाता हो	यदि तू जाता है
वह खड़ा हो	यदि वह खड़ा है

उपर्युक्त वाक्य रचना ठीक शब्दोंमें ठीक अर्थ को प्रगट करती है। मानवभाषामें इसी ढंगसे अर्थ प्रगट किया जायगा। 'यदि' 'सम्भवतः' आदि शब्दोंका उपयोग किया जायगा।

(ग) हेतुहेतुमद्भूत भी यहां नहीं रक्खा गया। मैं आता तो तू आता, मैं आऊंगा तो तू आयगा, मैं पहुँचू तो वह पहुंचे, आदि वाक्य प्रयोग में विधि या सामान्य भूत आदि का प्रयोग करना ही उचित है 'यदि' 'तो' आदि अव्यय आवश्यक हैं।

[घ] भविष्यकाल के भेद यहां बढ़ादिये गये हैं। बहुतसे प्रयोग तो हिन्दीमें भूत या वर्तमानमें माने जाते हैं उन्हें संदिग्ध या सम्भाव्य वर्तमान कहा जाता है। यहां उनका विधान भविष्य अर्थमें ही किया गया है। निम्नलिखित वाक्य प्रयोगों से उनका भविष्य रूप ध्यानमें आजायगा—

जब मैं पहुँचूंगा तब वह भोजन करहा होगा	वर्तमान	भविष्य
अब मैं जरूर दवा खाया करूंगा	स्वभाव	,,
जब वह चलागया होगा तभी जाऊंगा	भूत	,,
जब वह खाचुकेगा तब पान खिलाऊंगा	पूर्ण भूत	,,
जब मैं पहुँचूंगा तब तो वह पहुँचनेवाला होगा	भविष्य	,,
जब वह आनेवाला होगा तभी मैं जाऊंगा	,,	,,
वह आनेवाला हो तो मैं आऊं	विधि	,,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[४] कालों का नामकरण-ऊपर जो क्रियाओंके तीन कालोंके २१ भे
किये गये हैं उनके नामों का अर्थ यह है।

इकीस कालों के नामों में सात के पीछे वर्तमान शब्द पड़ा हुआ
उन्हें वर्तमान काल के रूप समझना और सात के पीछे भूत शब्द
हुआलिये उन्हें भूत के रूप समझना और सात के पीछे भविष्य शब्द है
इसलिये उन्हें भविष्य के रूप समझना। किन्तु नाम का जो पूर्वा
है वह उस उस काल की विशेषता बताता है—इस प्रकार उनके अर्थ
हो जाते हैं—

१—सामान्य वर्तमान—यह रूप वर्तमान वर्तमान और स्वभाव व
आन दोनों अर्थोंमें चल सकता है। किसी आदमीको चलता हुआ देखकर
कह देते हैं कि वह जाता है और कोई किसी के यहां जाया करता है इ
लिये भी हम कह देते हैं वह उसके यहां जाता है, दोनों ही वर्तमानों
इसका उपयोग होने से इसे सामान्य वर्तमान कह दिया। इतना ही नहीं, खाया
खाचुका है खानेवाला है आदि अर्थों में भी साधारणतः सामान्य वर्तमान
का प्रयोग कर दिया जाता है। जहां कालों के विशेष भेद नहीं बत
जाते वहां सामान्य वर्तमान ही वर्तमान के प्रतिनिधि रूप में उपस्थि
कर दिया जाता है।

२—वर्तमानवर्तमान—यह पूरी तरह वर्तमान है। दूसरे वर्तमानों
उस क्रिया का थोड़ी देर को अभाव भी हो सकता है या वह समाप्त
होसकती है पर इसमें वह क्रिया बराबर चालू रहती है इसलिये इसे वर्त
मान में भी वर्तमान अर्थात् वर्तमानवर्तमान कहा।

३ स्वभाववर्तमान—उस क्रिया के चालू रहने का परिचय नह
मिलता किन्तु कर्ता में उस कार्य के करने का स्वभाव है इसलिये वह स
समयपर वह कार्य किया करता है इतना परिचय मिलता है। वह कि
वर्तमान में चालू रहती भी है और नहीं भी रहती।

४ भूतवर्तमान—वर्तमान क्रिया भूत बन रही है पर भूत और वर्त
के बीच की रेखा मोटी नहीं होपाई, क्रिया अभी अभी समाप्त हुई है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

५ पूर्णभूत वर्तमान–क्रिया तो समाप्त हो चुकी है, भूतवर्तमान की अपेक्षा पूर्णभूतवर्तमानमें भूत वर्तमानकी रेखा भी कुछ मोटी होगई है पर इतनी मोटी नहीं कि वर्तमान से सम्बन्ध बिलकुल टूट गया हो।

६ भविष्य वर्तमान–क्रिया होनेवाली है अर्थात् निकट भविष्य में है पर उसका संकल्प विचार तैयारी आदि वर्तमान है इसलिये यह भविष्य वर्तमान है।

७ विधि वर्तमान–क्रिया हो या न हो उसकी प्रेरणा निर्देश जरूरत आदि मौजूद है इसलिये यह विधि वर्तमान है। भविष्य वर्तमान में क्रिया होना निश्चित रूप में कहा जाता है पर विधि वर्तमान में यह निश्चय नहीं रहता सिर्फ उसकी विधि सम्भावना सूचना प्रेरणा आदि वर्तमान रहती है।

इसी प्रकार अन्य कालों का अर्थ समझ लेना चाहिये—

८ सामान्यभूत–क्रिया के भूतकाल का साधारण रूप।

९ वर्तमानभूत–भूतकाल में क्रिया की होती हुई–चालू-वर्तमान अवस्था बताई जाती है।

१० स्वभावभूत–भूतकाल में उस क्रिया करने का स्वभाव बताया जाता है।

११ भूतभूत–भूतकाल में क्रिया की उस अवस्था का वर्णन किया जाता है जिसमें क्रिया अपना वर्तमान रूप छोड़ रही थी।

१२ पूर्णभूतभूत–भूतकालमें क्रिया के उसरूप का वर्णन किया जाता है जिसमें क्रिया अपना वर्तमान रूप छोड़ चुकी थी।

१३ भविष्यभूत–भूतकालमें क्रिया की उस अवस्था का वर्णन किया जाता है जिसमें क्रिया भविष्यके द्वार पर खड़ी थी, अर्थात् होने वाली थी।

१४ विधिभूत–भूत काल में क्रिया चाहे हुई न हो पर उसकी विधि जरूरत प्रेरणा निर्देश आदि मौजूद था।

१५–सामान्य भविष्य –क्रिया के भविष्य काल का साधारण रूप

१६ वर्तमान भविष्य–भविष्यकालमें क्रिया की चालू अवस्था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१७ स्वभाव भविष्य- भविष्यकालमें क्रिया करने की आदत या स्व
व का परिचय

१८ भूतभविष्य- भविष्य कालमें क्रिया का वह रूप जो भूत व
शुरू करदेगा।

१९ पूर्णभूत भविष्य-भविष्य कालमें क्रिया का वह रूप जिसने
बनने की क्रिया पूरी तरह शुरु करदी होगी।

२० भविष्य भविष्य-भविष्य कालमें क्रिया का वह रूप जिसमें क्रि
शुरु नहीं हुई है पर होने केलिये संकल्प आदि रूप में तैयार है।

२१ विधि भविष्य-भविष्य कालमें किसी काम के करने की प्रे
आदेश आदि।

(६) धातुके प्रेरणादिक रूपोंकी आलोचना—

(अ) हर एक वाक्य में दो चीजें मुख्य हैं एक तो क्रिया, और एक क्रिया का करनेवाला। जैसे 'श्याम खाता है' में हमें कर्ता और दिखाई देते हैं। पर कभी कभी क्रिया का ऐसा रूप बनता है जब कर्ता नहीं रहता कर्म बनजाता है और कर्ता दूसरा ही बनजाता है। राम श्याम को रोटी खिलाता है। इस वाक्य में क्रिया तो खाने की है पर खाने का कर्ता श्याम, कर्म बनगया है और राम कर्ता। इस प्रका वाक्य कर्ता को भी कर्म बनाने वाला है इसलिये इसे कर्तृकर्मक कह हैं। अथवा इसमें कर्ताका भी कर्ता है इसलिये इसे कर्तृकर्तृक कहसक्ते

कर्तृकर्तृक वाक्य में दूसरा कर्ता पहिले कर्ता के कार्यमें निकट स देता है। जैसे राम श्याम को खिलाता है इस वाक्य से पता लगता राम श्याम को परोस रहा है या खाने के साधन खुद ही जुटा रहा है पर जब यह कहा जाता है कि 'राम श्याम को रोटी खिलवारहा है। वाक्य से पता लगता है कि राम खुद तो नहीं खिला रहा है पर कि आदमीको खिलाने की प्रेरणा कर रहा है जो श्यामको खिला रहा है प्रकार वाक्यमें खाने की क्रिया के कर्म-रोटी-के उत्तरोत्तर तीन कर्ता है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पहिला कर्ता श्याम, दूसरा कर्ता परोसने वाला जो श्याम को रोटी खिला रहा है इसलिये श्याम का भी कर्ता है, तीसरा कर्ता राम, जो परोसनेवाले को प्रेरणा करनेवाला है इसलिये परोसने वाले का भी कर्ता है। इसलिये हिन्दीमें दो तरह की प्रेरणाओं का उपयोग होता है। जैसे राम रसोइया से श्यामको रोटी खिलवा रहा है। सम्भवतः दूसरी भाषाओंमें ऐसे प्रयोग नहीं होते। बात भी ठीक है इससे भाषाकी जटिलता बढ़ती है। बात यह है कि रसोइया श्यामको रोटी खिलारहा है इस वाक्यमें पहिला कर्ता श्याम कर्म बनगया और रसोइया नया प्रेरक कर्ता आगया। पर दूसरे वाक्यमें प्रेरक का प्रेरक कर्ता राम तो कर्ता बनगया पर रसोइया कर्ता न बनकर करण बना। इसलिये सुविधाजनक यही है कि एक ही प्रेरक कर्ता माना जाय इसके बीचमें किसी तीसरे की जरूरत हो तो करण से काम निकाला जाय। मानवभाषा में इसी तरीके का उपयोग किया जायगा।

[आ] कुछ प्रयोग ऐसे होते हैं जिनमें कर्ता उड़ जाता है या करण बनजाता है किन्तु कर्म कर्ता बनजाता है। जैसे—रोटी खाई जाती है। यहां कर्म कर्ता बनगया, इसलिये खाई जाती है क्रिया कर्मकर्तृक कहलाई। प्रेरणा में कर्ता कर्म बनता था इसमें कर्म कर्ता बनता है।

(इ) कहीं कहीं करण भी कर्ता बनता है जैसे डंडा मारा जाता है जूते मारे जाते हैं लकड़ी मारी जाती है, यहां डंडा आदि 'मारना' क्रिया के करण हैं पर क्रिया उनके अनुसार लिंग वचन लेरही है। इसलिये यह क्रिया करणकर्तृक कहलाई। पर हिन्दीमें यह नामोल्लेख मेरे देखने में नहीं आया।

[ई] कहीं अधिकरण कर्तृक के भी अवसर आते हैं। जैसे 'पानीपत कई बार लड़ा गया' अर्थात् पानीपत में कई बार लड़ाई हुई। पानीपत अधिकरण है पर क्रिया उसके अनुरूप है इसलिये वह कर्ता बनगया।

[उ] भाषा के प्रयोगों की कमी से अन्य बहुतसे प्रयोग नहीं होपाते। जैसे तुम्हें रुपया दिया गया है मिट्टी नहीं। यहां वक्ता कर्म [रुपया] को कर्ता बनाकर उसपर जोर देरहा है इसी तरह यदि वह सम्प्रदान पर जोर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देना चाहे 'तुम रुपये दिये गये हो दूसरा कोई नहीं' तो भाषा में इसकी गुंजायश नहीं, जब कि जरूरत है।

ऊ—कभी कभी क्रिया अपादानकर्तृक होती है। 'झाड़ फल गिराता है' इस वाक्य में क्रिया झाड़ के अनुरूप है जब कि वास्तव में झाड़ क्रिया का अपादान ही है। श्याम फल गिराता है इसमें क्रिया जैसे प्रेरक है वैसे झाड़ से फल गिरने में नहीं। पर दोनों के रूप एक से हैं इसलिये प्रेरकता का भ्रम होता है। वास्तव में जब कर्म करण सम्प्रदान अपादान अधिकरण में वक्ता जब कोई विशेषता मुख्यता बताना चाहता है अथवा आप से आप फल गिरने के समान जब अपादान आदि में कोई विशेषता देखता है तब उन्हें वह कर्ता बना देता है। जब कोई कहता है "फजूल क्यों पिटते हो" तब इसका अर्थ यह होता है कि पिटनेवाला अपराधी होने से इस क्रिया में मुख्य भाग ले रहा है। यही बात करण-कर्तृक अपादान-कर्तृक आदि में भी होती है पर हिन्दी आदि अधिकांश भाषाओं में इनका ठीक रूप में नामोल्लेख नहीं होता।

क्रियाओं के इन सब प्रयोगों को ध्यान में रखना काफी कठिन होता है। कहीं कहीं अनेक अर्थों में एक से प्रयोग होनेपर कठिनाई और बढ़ जाती है। डण्डा मारा गया, सांप मारा गया, दोनों प्रयोग एक से हैं पर डण्डा में करणता है सांप में कर्मता। मानव भाषा में एक ऐसा सरल सूत्र बनादिया गया है जिससे सरलता से सब प्रयोग ध्यान में रह सकते हैं और अर्थसंकर भी नहीं हो सकता।

ऋ—वाच्य और प्रयोग—

साधारण वाक्य में एक कर्ता रहता है और क्रिया उससे सम्बन्ध रखती है। पर प्रेरणा में एक नया कर्ता होजाता है और पुराना कर्ता कर्म बनजाता है इस बात को द्योतित करने के लिये क्रिया में कर्ता कारक के एक वचन का चिन्ह उपसर्ग के समान लगा दिया है। अगर <u>खाद</u> का अर्थ खाना है तो <u>केखाद</u> का अर्थ खिलाना। इसी प्रकार जहां कर्म को कर्ता बनादिया जाय वहां कर्म विभक्ति चिन्ह क्रिया में उपसर्ग के समान लगा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिया गया है गेखाद का अर्थ खायाजाना। इसी प्रकार करणकर्तृक आदि में भी समझना चाहिये। कुछ वाक्यप्रयोग से यह बात समझ में आजायगी।

प्रेरणार्थक में	के	वह खिलाता है = उसके केखादल
कर्मकारक	गे	फल खाया जाता है = फलुके गेखादल
उपकर्मकर्तृक	चे	तुम फल खिलाये जाते हो = उसके फलुगे चेखादल
करणकर्तृक	जे	तुम्हें डंडा मारा जाता है = डंडुके तुमगे जेमारल
प्रयोजन कर्तृक	टे	घर अपने लिये समान जोड़ता है = रहके सामानुगे टेजोड़ल
वियोग कर्तृक	डे	झाड़ फल गिराता है = झाड़ुके फलुगे डेगिरल
शयन कर्तृक	ते	पानीपर लड़ता है = पानीपतुके तेलिडल
आधार कर्तृक	दे	छत लड़ता है (छतपर लड़ाई होती है) = छतुके देलिडल

'सम्बन्ध छोड़ दिया गया क्योंकि उसका सम्बन्ध क्रिया से न होकर दूसरे किसी संज्ञा शब्द से होता है। सम्बोधन का भी क्रिया से सम्बन्ध नहीं है।

हिन्दी में प्रयोजन कर्तृक आदि के उदाहरण ठीक नहीं दिये जा सकते क्योंकि हिन्दी में ये प्रयोग होते ही नहीं।

निःसन्देह ऐसे प्रयोग मुहावरेदार ऊंची भाषा के प्रयोग होंगे। जनसाधारण इन प्रयोगों के बदले मोटे प्रयोग करेंगे वे 'झाड़ुके फलुगे डेगिरल' के बदले 'फलुके झाड़ुडे गिरल' ही बोलेंगे। फल झाड़ से गिरता है।

७ स्वतन्त्र प्रेरक धातुएँ

खाना से खिलाना आदि के समान प्रेरणा अर्थ में धातु के रूप बदलकर काम चलाया जासकता है जरूरत होनेपर इस रीति का उपयोग भी करना चाहिये फिर भी साहित्य समृद्धि तथा सुगमता की दृष्टि से यह ठीक है कि सब के लिये अलग अलग धातुएँ हों। अंग्रेजी में 'विकम'

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धातु अलग है और उसीकी प्रेरणार्थक 'मेक' अलग। इसी तरह डाइ और किल आदि भी। मानव भाषा में ऐसी धातुएँ भी बनाई या ली जायँगी।

इसके सिवाय हिन्दीकी इस बातका भी थोड़ा अनुकरण किया जायगा कि प्रेरक धातुओं के रूप मिलते जुलते रहें। जैसे पिसना और पीसना। मानवभाषामें पिस और पीस सरीखी धातुएँ बताई जायँगी। पर गिरना और गिराना ऐसी दो धातुएँ न बनेगी क्योंकि हरएक धातु अकारान्त रखनेका नियम है। हां गिरना गिरानाके बदलेमें 'गिर' और गेर धातुएँ बनसकती हैं।

नियम यह कि मूल धातु का पहिला स्वर इ या उ हो तो प्रेरक या कर्तृकर्मक रूपमें इ का ए, उ का ओ होजायगा गिर–गेर, चुप–चोप, आदि।

प्रेरक धातुओं की जरूरत इसलिये काफी है कि भाषा कठिन न होजाय। गिर एक धातु है उससे तीन वाक्य बनाये–गिरता है, गिराता है, गिराया जाता है, [गिरल, केगिरल, गेकेगिरल] गिर में 'के' लगाकर उसका प्रेरणात्मक रूप बनाया और उसका कर्मकर्तृक रूप बनाने केलिये 'गे' लगाना पड़ा। गेकेगिरल लम्बा रूप बना। यदि केगिर की जगह 'गेर' धातु गिराने के अर्थ में हो तो 'गेगेरल' से ही काम चल जाय और उसका अर्थ 'गिराया जाता है' होजाय। यों प्रेरक धातु न मिलने पर इस तरह कारक रूप उपसर्ग लगाकर काम चलाया ही जासकता है।

[९] अत्यन्तार्थक

जब कोई काम विशेषमात्रा में या तीव्रता से होरहा हो तो उस अर्थमें धातुके प्रथम स्वरको इस प्रकार बदलना चाहिये। इ–ई, उ–ऊ, ए–ऐ, ओ–औ। इग–बोलना, ईग–जोर से बोलना या बहुत बोलना।

[१०] असमापिका क्रियाएँ

अभी तक जो क्रियापद बताये गये हैं उनसे किसी क्रिया के बारेमें पूरी बात का पता लगजाता है, एक तरह से उस विषय की जिज्ञासा शान्त होजाती है, पर कुछ प्रयोग ऐसे होते हैं जिनसे जिज्ञासा बनी रहती है। जैसे–जाकर खाकर जाना आना आदि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऐसे रूपों को बनाने केलिये धातुके वर्तमानवर्तमान रूपके अन्त में लगने वाले ल लू ले आदि प्रत्यय निकालदेना चाहिये। जब हम कहते हैं वह खाता खाता दौड़ता है, तब मालूम होता है कि खाने की क्रिया तो चालू है ही पर साथही दौड़ता भी है। इस तरह खाने की क्रिया वर्तमानवर्तमान है। इसलिये क्रिया के वर्तमानवर्तमान रूपमें से ल निकालकर जो रूप बचे उसे इस तरह उपयोग में लाना चाहिये। जैसे खाताखाता दौड़ता है अर्थात् खाता हुआ दौड़ता है—खादि दौदिल। एक तरह से यहविशेषण ही हुआ पर विशेषण से इसमें यह फर्क है कि विशेषण में विशेष्य के अनुसार लिंग वचन लग सकते हैं इसमें नहीं लग सकते।

जाकर खाकर आदि में यह मालूम होता है कि एक क्रिया पूरी हुई है पर दूसरी क्रिया और है। जो क्रिया पूरी हुई है उसमें पूर्णभूत का रूप देकर समापिका का चिन्ह ल निकाल देना चाहिये। जैसे खादूलू आदि पूर्ण भूत के रूप हैं उनमें से लू निकालकर खादू रहा यह असमापिका क्रिया का रूप होगया। जैसे-वह खाकर दौड़ा = उम खादू दौदलू

जहां क्रियाका अर्थ ही लेना है उसका कोई काल नहीं, वहां वह एक तरह को विधि है उसके विधि के रूप में से ल निकालकर एक तरह की भाववाचक संज्ञ बना लेना चाहिये। जैसे-खादो = खाना। गिरो = गिरना आदि।

[११] संयुक्त क्रिया

हिंदीमें संयुक्त क्रिया का बहुत रिवाज है। जाता है खाता है आदिमें हैं तो लगताही है पर और भी बहुतसे प्रयोग हैं—सुनपड़ा, पी डाला, मार दिया, खाने लगा, देखनापड़ा, करना होगा, आदि।

पर मानवभाषा में हिंदीके बराबर संयुक्तक्रियाओं की जरूरत नहीं है। पहिले जो समापिका असमापिका क्रियायें बनाई गई हैं उनसे सब काम चलता है फिर भी थोड़ीसी संयुक्त क्रिया बनना आवश्यक या सुविधा जनक है इसलिये उन्हीं का उल्लेख किया जाता है।

कैन—सकना	अम कैन खादल—मैं खासकता हूँ।
लैन—अनुमति	अम लैन खादल—मुझे खाने दो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पैन—विवशता	अम पैन खादल—मुझे खानापड़ता।
शैन—कर्तव्य	अम शैन खादल-मुझे खाना चाहिये
खैन-बार बार	उम खैन खादल—वह बार बार खाता।

[१२]-नाम धातु

कुछ संज्ञाएँ अपने ही अर्थ में क्रिया पद के रूपमें प्रयुक्त होती हैं जैसे जूते मारने को जुतलयाना, बातें करने को बतयाना आदि। इसप्रकार की क्रियाएँ मुहावरों पर अवलम्बित हैं। मानव भाषा में इसप्रकारके जो मुहावरे बनेंगे वे निम्न लिखित नियम के अनुसार बनेंगे।

(१) किसी भी संज्ञा शब्द को अगर नामधातु बनाना हो तो उसके आगे य, जोड़ देना चाहिये। जैसे मम को अगर नामधातु बनाना हो तो ममय धातु बन जायगी।

(२) नामधातु बनजाने पर साधारण धातुओं की तरह उसमें 'ल' 'लू' 'ले' आदि प्रत्यय लगाना चाहिये। जैसे उम्मा ममयल—वे माताकी तरह व्यवहार करते हैं।

११—क्रिया विशेषण

जिन शब्दों से क्रिया की कुछ विशेषता मालूम होती है उन्हें क्रिया विशेषण कहते हैं। 'जल्दी चलता है' इस वाक्य में जल्दी शब्द से चलने की कुछ विशेषता मालूम होती है इसलिये जल्दी शब्द क्रियाविशेषण है। क्रियाविशेषण होते तो अनेक तरह के हैं पर यहां शब्द रूपों की दृष्टिसे छः भेद किये जाते हैं। १ कालवाची, २ स्थानवाची, ३ दिशावाची, ४ वर्णनात्मक, ५ प्रकीर्णक, ६ परागत।

(१)—कालवाची क्रियाविशेषण—

जिस विशेषण से क्रिया की काल सम्बन्धी विशेषता [जल्दी धीरे साथ तब जब आदि] मालूम हो उसे कालवाची क्रियाविशेषण कहते हैं। उसके बनाने और याद रखने के सरल तरीके ये हैं—

अ—कालवाची क्रियाविशेषण के अंत में किसी भी स्वर और अनुस्वार के साथ 'ज' होगा। क्यों कि पहिले क्रियापदों में बताया जा चुका है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कि ल लू ले आदि काल के सूचक हैं।

आ-हर एक क्रियाविशेषण के अंतमें अनुस्वार जरूर होता है। अनुस्वार रखने से कालवाची संज्ञा शब्द भी क्रिया विशेषण बनजाता है। जैसे इलों-मिनिटभर, एक मिनिट।

इ-कल परसों आदि शब्दों को बनाने का सरल तरीका यह है। कल का अर्थ है एक दिन बाद, परसों का अर्थ है दो दिनबाद। कोन-एक, गोन-दो, आदि शब्दों का पूर्वार्ध लेकर भविष्य काल सूचक 'ले' लगाने से ये शब्द बनते हैं। इनपर अनुस्वार रखनेसे क्रियाविशेषण बनते हैं। भूतकाल चिन्ह 'लू' लगाने से बीते हुए कल परसों आदि के बोधक शब्द बनते हैं।

कोलें-एक दिन बाद (कल)	कोलूं-एक दिन पहिले [कल]
गोलें—दो दिन बाद [परसों]	गोलूं—दो दिन पहिल (परसों)
चोलें—तीन दिन बाद [नरसों]	चोलूं—तीन ,, ,, नरसों
जोलें—चार दिन बाद [अतरसों]	जोलूं—चार ,, ,, अतरसों

कोलं-आज [ला वर्तमान चिन्ह हैं इसलिये वर्तमान दिन]

ई-जहां दिन का बोध न करना हो सिर्फ आगेपीछे काल का बोध करना हो वहां भूत भविष्य आदि सूचक अक्षरों के साथ 'ल' लगादेना चाहिये।

लूलं—पहिले। लेलं=बाद पीछे। लिलं=साथ।

लूलेलं-आगे पीछे (समयकी दृष्टि से आसपास)

उ-विभक्ति चिन्होंसे भी कालवाची क्रियाविशेषण समझे जाते हैं। सेलं-समय के भीतर। डेलं-समय चूककर। पेलं जल्दी, ढेलं-धीरे धीरे।

ऊ-मिनिट घंटा आदि कालपरिमाण सूचक शब्द भाववाचक संज्ञा की तरह 'लो' वाले बनेंगे इनका पहिला अक्षर सुविधानुसार वर्णक्रमसे लगाया जायगा। अंतमें अनुस्वार रखने से क्रियाविशेषण बनजायगा।

अलो—सेकिण्ड.		गेलो सप्ताह
इलो-मिनिट।	किलो-दिन.	चेलो-पक्ष.
उलो-घंटा।	कुलो-रात।	जेलो-महीना।
ऊलोपोरिस्पु	केलो-रातदिन।	टेलो-ऋतु।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ढेलो–वर्ष। ढेलो–रुववत्

फिलों रुकलू–दिनभर रुका। ढेलों राजलू–वर्षभर राज्यकिया।

ए–अनुस्वार निकालदेने पर ये शब्द अव्यय की तरह प्रयुक्त न होकर संज्ञाकी तरह प्रयुक्त होने लगते हैं और फिर विभक्ति प्रत्यय लगने लगते हैं।

कोलेटे —कलकेलिये। कोलेपे – कलका। डलोते – घंटे में।

(ऐ) दिन रात आदि सूचक शब्दों के पीछे भूत भविष्य वर्तमान सूचक लू ले ल लगने से शाम सुबह आदि शब्द बनते हैं। अनुस्वार क्रियाविशेषण सूचक है।

फिलोलें – प्रातःकाल। फिलोलं - दुपहर। फिलोलूं - सन्ध्या। कुलोलं अध्यरात्रि। डेलोले–वर्षका प्रारम्भ। आदि।

ओ–दशाब्दी शताब्दी आदि बनाने केलिये संख्यावाची शब्दों का पूर्वार्ध लगाकर वर्षवाची डेलो शब्द लगादेना चाहिये। जैसे बोल का अर्थ दस, डेलो का अर्थ वर्ष, बोडेलो–दशाब्दी। फोडेलो शताब्दी। ओडेलो –सहस्राब्दी। होडेलो–लक्षाब्दी।

औ–सर्वनाम शब्दों के साथ कालचिन्ह ल लगाने से सर्वनाम के अर्थ के अनुकूल कालवाची क्रियाविशेषण बनते हैं। साधारणतः सर्वनाम का पूर्वार्ध ही लगाना चाहिये। पूरा सर्वनाम लगाने से उस अर्थमें ऐसा जोर आजायगा या परिवर्तन होजायगा जोकि हिन्दीमें 'ही' लगाने से आता है। उदाहरणोंसे यह बात साफ होजायगी।

ऊम- यह	ऊलं-इससमय [अब]	ऊमलं-इसीसमय [अभी]
ओम- वह	ओलं-उससमय [तब]	ओमलं-उसीसमय [तभी]
कुम-कौन	कुलं-कब	कुमलं-कभी
गुम-कितना [कति]	गुलं-कितने (बजे)	गुमलं-कितने ही बजे
चुम- जो	चुलं-जब	चुमलं-जभी
जुम-सो	जुलं-तब	जुमलं-तभी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

टुम युगल	टुलं दोसमय	टुमलं दोनों समय
डुम बहुत	डुलं बहुत समय	डुमलं बहुतही समय
पुम सब	पुलं सब समय (सदा)	पुमलं सदैव
बुम अन्य	बुलं और समय	बुमलं औरही समय
रुम अन्यतर	रुलं दोमें से एक समय	रुमलं दोमेंसे एकही समय
हुम अन्यतम	हुलं बहुतमेंसे किसीसमय	हुमलं बहुतमेंसे एकही समय

२–स्थानवाची क्रियाविशेषण

स--स्थानवाची अक्षर 'स' है। स के योग से स्थानवाची शब्द बनते हैं और अनुस्वार रखने से क्रियाविशेषण। 'ल' लगाने से जैसे सार्वकालिक कालवाची क्रियाविशेषण बनते हैं 'स' लगाने से वैसे सार्वकालिक स्थानवाची क्रियाविशेषण बनते है--नियम कालवाची क्रिया विशेषण के अनुसार है।

सिसं–समतल।	खिसं—साथ साथ।	सेखिसं—दायें।
सूसं नीचे।	लूसं पीछे।	सूखिसं बायें
सेसं ऊपर।	लेस आगे।	सिखिसं बीचमें।

ऊसं इसजगह	ऊमसं इसी जगह
ओसं उस जगह	ओमसं उसी जगह
कुसं किस जगह	कमसं किसी जगह
गुसं कितनी जगह	गुमसं कितनीभी जगह
चुसं जिस जगह	चुमसं जिसी जगह
तुसं तिस जगह	तुमसं तिसी [उसी] जगह
टुसं दो जगह	टुमसं दोनों जगह
डुसं बहुत जगह	डुमसं बहुतही जगह
पुसं सब जगह	पुमसं सभी जगह
बुसं दूसरी जगह	बुमसं दूसरीही जगह
रुसं दोमें सेकिसी जगह	रुमसं दोमें से एकही जगह
हुसं बहुतमें से किसी जगह	हुमसं बहुतमें से किसी एकभी जगह

आठ दिशाएँ

पूर्व-ईसं, पश्चिम-ऊसं, उत्तर-एसं, दक्षिण-ओसं
ईशान..ईसेसं, आग्नेय..ईसोसं, नैऋत्य–ऊसोसं, –वायव्य–ऊसेसं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आ-स्थानपरिमाणवाची शब्द । अनुस्वार लगनेपर यही क्रियाविशेषण । निम्नलिखित-परिमाण लम्बाई के सूचक हैं ।

असो—एक एलिक्ट्रोन बराबर जगह			
आसो	हाईड्रोजन के एक परमाणु	बराबर	जगह
इसो	सब से बड़े परमाणु	,,	,,
ईसो	दो बड़े परमाणुओं से बने हुए अणु	,,	,,
ड़सो	यंत्र द्वारा दृश्य सब से छोटे कण	,,	,,
ऊसो	आंखसे दृश्य सब से छोटे कण	,,	,,
एसो	अंगुल के दसवें भाग	,,	,,
ओसो	एक अन्गुल	,,	,,
केसो	एक बालिश्त अथवा बारह अंगुल	,,	,,
गेसो	एक हाथ अथवा दो बालिश्त	,,	,,
चेसो	दस गेसो=दस हाथ= ५ गज	,,	,,
जेसो	दस चेसो अर्थात् ५० ,,	,,	,,
टेसो	दस जेसो का एक टेसो ५०० ,,	,,	,,
डेसो	दस टेसो का एक डेसो ५००० ,,	,,	,,

गेसों विकलू--हाथभर चला । टेसों इवलू -५०० गज चला ।

[इ] कारक चिन्होंके सम्पर्क से भी स्थानवाची क्रियाविशेषण बनाये जाते हैं । जैसे 'ते' वचन विभक्ति का चिन्ह हैं तो 'तेसं' का अर्थ हुआ भीतर । डेसं–बाहर । पेसं निकट । ढेसं-दूर ।

३- दिशावाची क्रिया विशेषण—

[अ] दिशावाची शब्द और क्रियाविशेषण उसी तरह बनते हैं जिस प्रकार स्थानवाची शब्द और क्रियाविशेषण बनते हैं । अन्तर इतना है कि स्थानवाची में 'स' लगता है दिशावाची में 'स' के पहिले 'र' भी लगता है ।

सूरसं—नीचेकी ओर । लेरसं—आगेकी ओर । लिलिरसं—बीचकी ओर । सेरसं—ऊपरकी ओर । ऐलिरसं—दायीं ओर । सिरसं—समानताकी ओर ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लूरसं—पीछेकी ओर। सूलिरसं—बायीं ओर। ईरसं पूर्व की ओर।
ऊरसं—इसओर। ऊमरसं-इसी ओर। ओरसं—उस ओर। ओमरसं—उसी ओर
पुरसं—सब ओर। पुमरसं—सभी ओर। दुरसं—दो ओर। दुमरसं—दोनों ओर।

स्थानवाची क्रियाविशेषणों को देखकर, स के पहिले र जोड़कर इसी तरह और भी बना लेना चाहिये।

[अ] संज्ञा शब्दों के अन्त में भी 'रसं' लगाने से दिशावाची क्रियाविशेषण बनजाते हैं।

ममीरसं—माता की ओर। इत्यादि।

[इ] कारक चिन्हों से दिशावाची भी क्रियाविशेषण बनते हैं—
तेरसं—भीतर की ओर। डेरसं-बाहर की ओर। पेरसं—निकटता की ओर।
देरसं—दूरी की ओर।

[ई] कालवाची स्थानवाची दिशावाची क्रियाविशेषण के आगे अगर विभक्ति चिन्ह लगादिये जायँ तो भाववाचक संज्ञा की तरह उनका उपयोग होगा। जैसे लूरसंडे लेरसं विकल—पीछे की ओर से आगे की ओर चलता है। कुसंडे—कहां से। गुसंटे—कितनी जगह के लिये।

४— ध्वन्यात्मक क्रियाविशेषण

ध्वनि के अनुकरण में बनाये गये क्रियाविशेषण अनुस्वार रखकर बनाये जाते हैं—

सरसरं, भरभरं, धड़धड़ं, गटागटं, सड़ासड़ं, फटाफटं, आदि।
सर्पा सरसरं विकल—सांप सरसर करता हुआ चलता है।

५— प्रकीर्णक क्रियाविशेषण—

संज्ञा सर्वनाम विशेषण मूल धातु शब्द भी अनुस्वार लगाने से क्रियाविशेषण बनजाते हैं। आवश्यकता होनेपर उन शब्दों के पहिले विभक्ति चिन्ह या उपसर्ग भी लगाये जासकते हैं।

अम--मैं, अमं -स्वयं। सत--अच्छा, सतं--अच्छी तरह। दल--बुरा, दलं--बुरी तरह। इन्द ज्ञानेन्द्रिय, इंदं--प्रत्यक्ष रीति से।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अम ऊमगे इंदं जानल—मैं उसे प्रत्यक्ष (साफसाफ) जानता हूँ ।
तुम अमं जानल—तुम स्वयं जानते हो ।
मजखे सतं खादुल -- पुत्रपुत्रियों ने अच्छी तरह खाया है ।
पाद-पैर, जेपादं=पैरों से-पैदल । अथवा पादं-पैदल ।
टुम-युगल, टुमं-जोड़ीसे । अथवा विभक्ति चिन्ह लगाकर जेटुमं-जोड़ीसे कहा जासकता है । जहां अर्थ स्पष्ट न होता हो वहां पहिले विभक्ति चिन्ह लगाना चाहिये अन्यथा विभक्ति चिन्ह लगाने की जरूरत नहीं ।

जैसे 'किलों खादलू' का अर्थ दिनभर खाया और दिनमें खाया दोनों होसकते हैं ऐसी हालतमें अगर विभक्ति चिन्ह न लगेगा तो उसका अर्थ 'दिनभर खाया' होगा और विभक्ति चिन्ह लगाया जायगा 'तेकिलों खादलू' कहा जायगा तो उसका अर्थ 'दिनमें खाया' होगा । इसी तरह सब जगह समझना चाहिये । विभक्ति चिन्ह के समान उपसर्ग भी जोड़े जासकते हैं। डुम-बहुत, डुमं—बहुलतासे । पुम—सब, पुमं-सबके सब । हुम—अत्यतम, हुमं—एक एक कर । कोन-एक, कोनं-पहिले । अस—होना, असं—जैसा है वैसा-ठीक, अम असं इकल-मैं ठीक बोलता हूँ । मिथ—झूठ बोलना- मिथं झूठ । शिकं—आधे ।

तद्धित आदि प्रयोगोंके बाद भी अव्यय बनते हैं -
धुमूरं—जैसा, जुमूरं-वैसा । बुमूरं-अन्यथा । कुमूरं-कैसा

धातुओं से संज्ञा और विशेषण सरलता से बनते हैं ऊपर अनुस्वार रखने से क्रियाविशेषण बनाने में कठिनता नहीं है । मानवभाषा का साहित्य ज्यों ज्यों समृद्ध होता जायगा त्यों त्यों इसनियम के अनुसार क्रियाविशेषण बनते जायँगे । तथा वे क्रिया विशेषण निराधार न होंगे-संज्ञा सर्वनाम विशेषण और धातुओं से बिलकुल मिलते जुलते होंगे, विभक्ति आदि के चिन्हों से उनके अर्थमें पूरी सफाई रहेगी इसलिये उनका अर्थ समझने में दिक्कत न होगी ।

६-परागत क्रियाविशेषण

अ-उपर्युक्त पांच तरह के क्रियाविशेषणों के सिवाय ऐसे क्रिया विशेषण भी होंगे जो ऊपर के पांच तरह के नियमों के आधार से नहीं बने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं वे सीधे दूसरी भाषाओं से लिये गये हैं। या किसी नियम के बिना कल्पित किये गये हैं। हां! ऐसे शब्द उच्चारण में सरल होना चाहिये तथा दूसरे शब्दों के रूपों से टकराते हुए न होना चाहिये। अगर ऐसे शब्द टकराते हुए तो उनको ह्रस्व करके अनुस्वार रखदिया जायगा। अनुस्वार हर एक क्रियाविशेषण तथा अन्य अव्ययोंके (उद्गारक छोड़कर) अन्तमें आना जरूरी है। दूसरी भाषाओंसे लियेगये कुछ क्रियाविशेषण ये हैं। मुधं वृथा निरर्थक। जरूरं-जरूर अवश्य। शायदं--कदाचित्। कुछं--थोड़ा थोड़ा। अलं--काफी। तकं--तक। चं--भी। पं--ही। रं--सिर्फ।

आ--परागत क्रियाविशेषणों या अव्ययों को अव्ययसूचक अनुस्वार निकालकर आवश्यकता होनेपर उस अर्थ के अनुकूल विशेषण तथा क्रियापद भी बनाया जासकता है।

जरूरं (क्रियाविशेषण) जरूर।

जरूर (विशेषण) जरूर जरूरी चीज, जरूरा-जरूरी पुरुष, जरूरी-जरूरी स्त्री।

जरूरल (क्रियापद) जरूरी होता है।

इसप्रकार अन्य अव्ययों के भी रूपांतर किये जासकते हैं।

मानवभाषा में अव्यय, क्रियापद, औ विभक्तिपदों के अंतिमरूप निश्चित हैं उनके अनुसार परिवर्तन करनेपर संज्ञाको विशेषण क्रियाविशेषण क्रियापद बनाना, विशेषण को संज्ञा, क्रियाविशेषण क्रियापद बनाना, सर्वनाम को विशेषण, अव्यय बनाना, अव्यय को विशेषण क्रियापद बनाना धातु को संज्ञा, विशेषण अव्यय बनाना काफी सरल है।

इ--उपर्युक्त छः प्रकार के क्रियाविशेषणों के विवेचन में बहुतसे क्रिया विशेषणों के नाम आगये हैं तथा बताये हुए नियमों के अनुसार सरलता से बनाये जासकते हैं फिरभी कुछ क्रियाविशेषणों को लिस्ट यहां दीजाती है जो बोलचालमें बहुत काम आते हैं पर पहिले दिये नहीं गये। इनमें कुछ परागत हैं कुछ पुकीर्णक हैं।

नूगं-नुगं-मत, नहीं, न। झप्पं-सहसा, अचानक। पारं-पार। आरपारं-इसपार से उस पार तक। मामूलं-साधारणतः। निपटं-बिलकुल। पूरं-पूरी तरह। शीरं-प्रारम्भ। अन्तं-पूरा। इतिं-समाप्त खलास या मिटना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

११ अव्यय

क्रियाविशेषण के समान हर एक भाषा में कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनमें लिंगवचन कारक आदि का भेद नहीं रहता, उन्हें अव्यय कहते हैं। क्रिया विशेषण भी एक तरह के अव्यय हैं पर समझने के सुभीते केलिये उन्हें अलग गिनाया गया है। उनके सिवाय बाकी अव्ययों को एक प्रकरण में रखदिया है।

बाकी अव्यय भी तीन तरह के होते हैं। १ सम्बन्धबोधक २ अवलम्बक ३ उद्गारक।

१ सम्बन्धबोधक अव्यय--जिन अव्ययों का सम्बन्ध किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द से होता है उसे सम्बन्धबोधक अव्यय कहते हैं। जैसे-- उनके साथ। यहां साथ अव्यय का सम्बन्ध 'उसके' सर्वनाम से हैं इसलिये 'साथ' सम्बन्धबोधक अव्यय कहलाया।

ऐसा भी होसकता है कि कोई अव्यय सम्बन्धबोधक भी हो और क्रियाविशेषण भी हो। संज्ञा या सर्वनामके साथ सम्बन्ध रखने से वह सम्बन्धबोधक और क्रिया की विशेषता बताने से क्रियाविशेषण। जैसे-पहाड़ के ऊपर गया। यहां 'ऊपर' अव्यय का सम्बन्ध पहाड़ के साथ है इसलिये यह सम्बन्ध बोधक कहलाया। ऊपर जाने से जाना क्रिया की विशेषता मालूम हुई इसलिये क्रियाविशेषण कहलाया। लेकिन सभी सम्बन्धबोधक अव्यय क्रियाविशेषण नहीं होते। जैसे -तुम्हारे माफिक आदमी मैंने नहीं देखा। यहां माफिक अव्यय का सम्बन्ध तुम्हारे से है, क्रिया से नहीं। इसलिये इसे क्रियाविशेषण न कहेंगे।

सम्बन्धबोधक अव्यय के साथ संज्ञा और सर्वनाम को मानवभाषा में सम्बन्ध विभक्ति ही लगती है। दूसरी भाषाओंमें इसविषयमें ऐसा निश्चित नियम नहीं है। किसी सम्बन्ध बोधक अव्यय के योग में कर्म, किसी के योगमें करण सम्प्रदान अपादान सम्बन्ध आदि कोई विभक्ति लगती है। मानवभाषा में यह गड़बड़ी नहीं है।

जो सम्बन्धबोधक अव्यय क्रियाविशेषणों में बता दिये गये हैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उन्हें छोड़कर अन्य सम्बन्ध बोधक अव्ययोंमें से कुछ यहां बता दिये जाते हैं। ये अव्यय भी अनुस्वारान्त होते हैं।

संगं साथ। नंगं-विना। जेगं-द्वारा। फ़ुरं-बदले। तुदं-मारे (उसके मारे मैं बैठ नहीं सका - उसपे तुदं अम कैन तुगं सिटलु) सारं अनुसार। जेगं = कारण। दुशं विरुद्ध। मीमं अनुकूल। मीसं परस्पर। नीमं निमित्त। टेगं वास्ते। साकं सहित। समं तरह। गेगं बाबत। डेगं अपेक्षा। मोचं सिवा। ओडं योग्य।

२- अवलम्बक अव्यय—

उसे कहते हैं जो दो शब्दों या दो वाक्यों को परस्पर अवलम्बन देता है: मिलाना, विभाजन करना, कार्य कारण सम्बन्ध बनाना, पहिली बात में संशोधन करना आदि अवलम्बक अव्यय का काम है। ये कई तरह के होते हैं। जैसे—

[अ] संयोजक-जो दो शब्द या दो वाक्य जोड़े। जैसे—

अं और [राजा अं. राजनी = राजा और रानी]

मं तथा [राजा अं राजनी मं राजमजाखे = राजा और रानी तथा राजकुमारियाँ]

अं और मं का अर्थ एक है पर पहिलीबार 'अं' आता है और दूसरी बार मं।

[अ] विभाजक--जो एक शब्द या वाक्यको दूसरे शब्द या वाक्य से अलग करे।

यं या (अम यं हुम = मैं या तू (पहिलीबार)

वं- अथवा [अम यं हुम वं बुम = मैं या तू अथवा अन्य [दूसरी बार]

नुगं—नहीं [अमटे, नुगं हुमटे--मेरेलिये, नकि तुम्हारे लिये।

नुकं—नहीं तो [अम लुकल नुकं ओम हिडोल, मैंने देख लया नहीं तो वह छिपजाता।

इ-पक्षांतर बोधक—जिससे पहिले कही गई बातके विरोधमें या दूसरे पक्षमें कुछ बात कही जाय। जैसे—

किंतुं-किंतु लेकिन, अगर। ओमी ममी असक्त किंतुं नुगं सबल।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[वह माता है मगर प्यार नहीं करती ।

कातुं—वल्कि । [इम उमगे शैंन नुगं दुशल कातुं लवल—तुम्हें उसके साथ वैर नहीं करना चाहिये वल्कि प्यार करना चाहिये ।

ई–प्रयोजनदर्शक–जिससे प्रयोजन परिणाम या फल मालूम हो ।

टेटं–इसलिये । उम मिथलू टेटं अम नुगं लवल–उसने झूठ बोला इसलिये मैं प्यार नहीं करता ।

उ–कारणदर्शक–जिससे कारण मालूम हो ।

जेजं–क्योंकि । अम उमगे नुगं लवल जेजं उम मिथल = मैं उससे प्यार नहीं करता क्योंकि वह झूठ बोलता है ।

ऊ–कर्मदर्शक–जिससे पहिले वाक्य का विषय मालूम हो ।

गं–कि । उम किहलू गं अम थिचेल – उसने कहा कि मैं अपना इलाज करानेवाला हूँ ।

ए–युगल—जहां दो अव्यय एक दूसरे के ऊपर अवलम्बित रहें और अर्थपूर्त्ति केलिये दोनों का आना अनिवार्य हो । जैसे हिंदीमें, यदि–तो, यद्यपि–तथापि, ।

चं–ते = यदि तो ।

चं अमखे उवोलू तं जयोलू–यदि हम इकट्ठे हुए होते तो जीत जाते ।

चकं– तकं—यद्यपि तथापि । चकं अम उमगे डुमं जेगलू तकं उम नुगं जिगंलू– यद्यपि मैंने उसे बहुत जगाया तोभी वह जगा नहीं ।

ऐ–अर्थबोधक—किसी शब्द या वाक्य का अर्थ स्पष्ट करने केलिये जिस अव्यय का उपयोग किया जाता हो । जैसे—

अर्थ—अर्थात् मानो । मनं—मानो । दसं—जैसे ।

३ – उद्गारक अव्यय उसे कहते हैं जो सुख दुःख हर्ष के आश्चर्य प्रेम पुकार आदि की भावनाओं के द्योतक होते हैं । ये अव्यय एक तरह से मनुष्य के स्वाभाविक उद्गार हैं इसलिये इनकेलिये यह नियम बनाना ठीक नहीं कि ये अनुस्वारान्त ही होंगे । हां ! कुछ उद्गारक प्रचलित भाषाओं के अनुसार होते हैं उनमें अवश्य अनुस्वार डाला जा सकता है ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हर्षसूचक– अहा ! अहाहा ! हिप् हिप् हुर्रे !
शोकसूचक– हाय !
वेदनासूचक– उफ् ! उह् ! आह् !
आश्चर्यसूचक– ओह् ! ओहो !
अनुमोदनसूचक– सतं !
उपेक्षा सूचक– ऊँह् !
प्रशंसा सूचक– वाह् !
घृणासूचक– थू थू ! छिस् !
स्वीकारता सूचक– वरं ! ओं !
अभिमान सूचक– हुं !
तिरस्कार सूचक– हुट् ! होट् !
संबोधन सूचक– मिम्मो ! (भक्तिमय सम्बोधन)
मिन्नू ! (प्यार का सम्बोधन)
निन्नू ! (वात्सल्य का संबोधन)
हे ! हो ! (आदरणीय संबोधन)
ए ! ओ ! ऐ ! (सामान्य संबोधन]
रे ! [छोटे केलिये संबोधन]
ढे ! [तिरस्कार सूचक संबोधन)
निषेधसूचक– नुनू [नहीं] नुनूनू [नहीं नहीं, बिलकुल नहीं)
अभिवादनादि सूचक– निर्म–भुकना, साधारणतः । बड़ों के लिये ।
मानं– आदर (नेता आदि महान के लिये)
सेवं– माता पितादि गुरुजनों के लिये ।
लवं–प्यार, छोटे बड़े बराबरी वाले आदि सबके लिये ।
सिनलवं—दाम्पत्यप्रेम [दम्पति या जिनका दम्पति बनना निश्चित हो गया है उनमें परस्पर के लिये । अभिन्न प्रेम]
मिसलवं–मित्र प्रेम (मित्रों के लिये)
मगलवं– भाइयों या भाईतुल्य मित्रों के लिये ।
मजलवं—सन्तानोपम व्यक्तियों केलिये
हशं, षोशं–(अपने से छोटों केलिये)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१२ उपसर्ग

किसी शब्द के अर्थ में अनुकूल या प्रतिकूल कोई विशेषता लाने के लिये उस शब्द के पहिले कोई अक्षर लगाया जाता है उसे उपसर्ग कहते हैं। उपसर्ग साधारणतः एक ही अक्षर (स्वरसहितव्यंजन] का होता है। स्वतंत्र रूपमें इनका उपयोग कभी नहीं होता। खास खास उपसर्ग यहां बतादिये जाते हैं।

शो--सर्वोच्चता, सो--उच्चता, ओ—अधिकता, हो—विशालता
शे--विशेषता, रे—नीचता, ये—न्यूनता, वे—अल्पता
से—सहयोग, रो—विरोध, रु-रू-बुरा, सु सू-भला
लो—अन्तमर्यादा, ले—आदि मर्यादा, नो—निषेध, ने--निर्गमन
सि—बराबर ठीक

शोशूग-सब से बड़ा बहादुर। सोशूग-बड़ा बहादुर। ओधनिर-बड़ा धनवान। होदेश-विशाल देश। शेमिस-विशेष मित्र। रेमिस-नीचमित्र। येनिपल-कम नापता है। वेपिलल-कम पीता है। सेविकल-साथ चलता है। रोविकल-उलटा चलता है। रुनिचल-बुरा नचता है। सुकुरल-भला करता है। लोयूरोपं-यूरप के अन्ततक, उस किनारे तक। लेयूरपं यूरप के इस किनारे तक। नोमिस-अमित्र। नेलिज-निर्लज्जतासे। सिपेंटल बराबर छापता है।

पहिले वाच्य और प्रयोगके प्रकरण में विभक्ति चिन्हों को उपसर्ग के समान काम में लाया गया है। वे भी उपसर्ग हैं।

१३—कृदन्त

(अ) भाववाचक संज्ञा—

धातुमें ओ लगाने से भाववाचक संज्ञा बनती है जैसे—खाद=खादो =भोजन। मर—मरो=मौत।

[आ] स्वभावार्थक विशेषण—

धातुके बाद एर लगाने से स्वभाव अर्थमें विशेषण बनता है।

खादेर खाद+एर-भोजनकी क्रिया करना जिसका स्वभाव है अर्थात्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खादाड़ ।

गुवेर–जिसे बार बार टट्टी लगती है ।

हसेर–हँसना जिसका स्वभाव है, हसोड़ ।

[इ] कारकार्थक विशेषण—

धातुके आगे विभक्ति प्रत्यय लगाकर उसके आगे 'र' लगाने से जो विशेषण बनता है उस का अर्थ होता है क्रिया के प्रति उस कारक रूप बननेवाला जैसे —

खादकेर–जो खाता है वह ।

खादगेर–जिसे लोग खाते हैं–खाद्य,

गिवचेर–जिसे लोग देते हैं, देने का उपक्रम, दानपात्र

मारजेर–जिससे मारते हैं डंडा वगैरह

खादटेर–जिसकेलिये लोग खाते है भूख बुझाना या स्वाद, खादटेर क्या है भूखबुझाना या स्वाद ?

गिरडेर–जहां से लोग गिरते हैं । शिखर वगैरह ।

वसनेर–जिसमें लोग बसते हैं–घर ।

चढ़ेर – जिसपर लोग चढ़ते हैं पहाड़ वगैरह ।

विभक्तिके साथ काल और जोड़ना हो तो कारक चिन्हके बाद क्रियाका कालचिन्ह जोड़कर फिर र जोड़ना चाहिये ।

खादगेर – जो खाया जाता है । खादगेलुर–खाया गया । लु भूत चिन्ह जोड़ा गया

(ई) विभक्ति के व्यञ्जन स्वर को उलटकर पहिले स्वर और पीछे व्यञ्जन करके लगाने से उसी विभक्ति के अर्थ को लेकर संज्ञा बनती है ।

गुत्र + ते । ते = त ए – का उलटा एत । गुत्र + एत = गुत्रेत संडासी गुत्र – हगना, ते – लयन विभक्ति का चिन्ह । जिसमें हगा जाय वह । लिंग चिन्ह लगनेपर गुत्रेतु । इसी प्रकार लिखेतु – कागज, आदि

[र] धातु अपने मूल रूप से भी संज्ञा या विशेषण बन सकती है । उस समय उस से बड़ी चीज समझी जाती है जिससे उसका मुख्य और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विशेष सम्बध है। लिंग के अनुसार उसमें अंतिम स्वर होगा।

थूक–थूकना, थूकु- थूक। वप– बोना, वपु– बीज।

उग– उगना, उगु–अंकुर। झिर— झरना, झिरु— झरना।

लंग– लगड़ाना, लंगा– लँगड़ा। दर– दलना, दरु— दाल।

औक—उल्टी करना, औकु = उल्टीमें निकली वस्तु।

लप—गप लड़ाना, लपु– गप्प।

ऊ- क्रिया को कर्म बनाना

दो क्रियाएँ मिलाकर भी एक क्रिया बनती है। ऐसी हालतमें पहिली क्रिया दूसरी क्रिया का कर्म बनजाती है। खाद+इश=खादिश —खाने की इच्छाकरना। खादिशल–खाने की इच्छा करता है।

१४-तद्धित

[अ] किसीभी संज्ञा शब्द के पीछे 'कर' लगानेसे उसके करने वाले का बोध होता है।

गंथुकर–पुस्तक बनाने वाला।

[आ] संज्ञा के आगे विभक्ति चिन्ह लगाकर 'र' लगानेसे उस कारकके अनुसार अर्थवाला विशेषण बनता है।

जापानतेर–जापानमें रहनेवाला।

राजपेर—राजा का-राजा का सम्बन्धी

राजटेर—राजा केलिये जो चीज हो वह।

अमटेर–जो अपने लिये चीज हो वह

पुमटेर–सब केलिये जो चीज हो वह।

गिरुडेर–पहाड़ से जो चीज हो वह-पहाड़से आई या निकली हुई।

गिरुतेर–पहाड़ में रहनेवाला।

दुखुगेर–दुखका कर्म-दुखिया।

[इ] किसी शब्द के सलिंग रूहके आगे र लगाने से उसके विशेष उपयोग करने वाला का बोध होता।

रसुर–रसका विशेष उपयोग करनेवाला।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ई) जब कोई चीज किसी से भरी होती है तब इर प्रत्यय लगाते हैं रसिर–रससे भरी हुई, रसमय ।
हठिर–हठ से भरी हुई ।

(उ) सरीखा अर्थमें ऊर प्रत्यय लगाते हैं । नाग+ऊर-नागूर नागसरीखा

परिमाण की बराबरी के अर्थ में 'उर' लगाते हैं । जैसे-इम+उर=इमुर -तुम्हारे बराबर । राज+उर-राजुर-राजा के बराबर । कुम+उर-कुमुर-कितना या किसके बराबर ।

[ऊ] संख्या वाचक शब्दके पीछे 'प' लगाने से उतने नम्बर का बोध होता है । कोनप (पहिला) गोनप [दूसरा] चोनप तीसरा, पोधोनप [९९ वाँ] फोनप [सौ वां] सोनोप [करोड़वाँ] गुमप-किस नम्बर का ।

सर्वनाम शब्दों के साथ लगाने से परिमाण का बोध होता है । गुमप-कितना

[ए] धारण करने के अर्थ में 'इर' प्रत्यय लगाते है ।

धनिर-धनवाला । अथवा धनुइर-धनवाला ।

(ऐ) किसी शब्द के पीछे ओ लगा देनेसे भाववाचक संज्ञा बनती है । जैसे-सुन्दर+ओ सुन्दरो–सुन्दरता ।

१५–समास

अनेक शब्दों को मिलाकर एक शब्द बनाना समास है । समास होने पर शब्दों के बीच की विभक्तियाँ और उभयान्वयी अव्यय अलग कर दिये जाते हैं ।

मानव भाषा में समास पांच तरह के हैं । १–द्वंद्व, २– तत्पुरुष. ३–अव्ययीभाव. ४– कर्मधारय. ५- क्रियाविषयक ।

बहुव्रीहि समास यहां नहीं रक्खा गया क्योंकि उससे भ्रम पैदा होता है । इसी कारण से द्विगुभी हटाया गया । विश्वभक्त शब्द में अगर तत्पुरुष माना जाय तो अर्थ होगा विश्व का भक्त, बहुव्रीहि माना जाय तो अर्थ होगा-विश्व है भक्त जिसका । इस प्रकार दो समासों से परस्पर विरोधी दो अर्थ हो जायंगे । मानवभाषा की नीति यथाशक्य अर्थभ्रम हटाने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की है।

१ द्वन्द-सब शब्दों की जिसमें प्रधानता रहती है वह द्वन्द समास है। रामसीताखे-राम और सीता।

द्वन्द के बीच में आये हुए शब्दों में लिंगचिन्ह रह भी सकते हैं नहीं भी रहसकते। लिंग चिन्ह हटाने से अर्थ कुछ व्यापक हो जाता है इससे अगर भ्रम न हो तो न डालने से भी काम चलेगा, नहीं तो डालना उचित है। ममामजाखे सुपिलज- पिता पुत्र सो रहे है। यहां अगर ममामजाखे सुपिल' कर दिया जाय तो अर्थ होगा माता पिता और सन्तान सो रहे हैं। जैसी इच्छा हो वैसा प्रयोग करना चाहिये।

द्वंद समास में बहुवचन आता है। परन्तु जहां पर दो चीजों को एक चीज के समान प्रयोग करना हो वहां एक वचन का प्रयोग होता है। जैसे— पढ़नालिखना, खानापीना, लिखोरिडो, खादोपिदो, आदि। इसे समाहार द्वंद कहते हैं।

विभक्ति सबकी एक होती है अन्तिम शब्द के साथ लगाई गई विभक्ति सब के साथ समझना चाहिये और तदनुसार ही अर्थ करना चाहिये।

२—तत्पुरुष—अन्तिम शब्द की प्रधानतासे अनेक शब्दोंको मिलाना तत्पुरुष है। इसमें जो विभक्ति लगती है उसका सम्बन्ध अंतिम शब्द सेही रहता है। राममभीटे-रामकी माता केलिये। इसमें टे [केलिये] का सम्बन्ध सिर्फ मभी के साथ है रामकेसाथ नहीं। तत्पुरुष समाजमें पहिला शब्द कर्म से सम्बन्ध तक किसीभी किभक्तिमें होता है। समास होनेपर विभक्ति लुप्त होजाती है।

३—अव्ययीभाव—अव्यय केसाथ शब्द जोड़ने से जो एक शब्द बनता है उसमें अव्ययीभाव समास होता है। जैसे अमंमिक—अपने आप बननेवाला।

४—कर्मधारय—दो शब्द विशेषण विशेष्यके रूपमें मिलकर जब एक होजाते हैं तब कर्मधारय समास होता है। जैसे हूरमिनी सुंदरपत्नी।

५—क्रियाविषयक—जब कोई क्रिया किसी अन्य क्रिया को अथवा संज्ञा या विशेषण को विषय बनाकर एक शब्द बनजाती है तब उसे क्रियाविषयक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समास कहते हैं। वह तीन प्रकार का होता है—अ–क्रियाकर्मक, आ–संज्ञाकर्मक, इ--विशेषणकर्मक।

अ–क्रियाकर्मक–जब एक क्रिया दूसरी क्रिया का कर्म अर्थात् विषय बनजाय तब क्रियाकर्मक समास होता है। जैसे–टिकौ–लेना, इश–इच्छा करना, टिकौइश--लेने की इच्छा करना।

आ–संज्ञाकर्मक--जब कोई संज्ञा किसी क्रिया का विषय बनजाती है तब संज्ञाकर्मक क्रियासमास होता है। जैसे–मिमी-माता, मिक–बनना, मिमीमिक- माता बनना। ऊमी मिमीमिकल--यह माता बनती है।

इ–विशेषणकर्मक--जहां कोई विशेषण किसी क्रिया का कर्म या विषय बनजाय वहां विशेषणकर्मक क्रियासमास होता है। जैसे--हसेर-मिक-हसौड़ बनना।

१६ गिनती—गिलो

आजकल के गिनती के शब्दों को याद करने और ध्यान में रखने में काफी कठिनाई है, क्योंकि उनकी रचना में स्वरों और व्यञ्जनों का कोई क्रम नहीं है और न दूसरी जाति के शब्दों से विशेषता है। उचित यह है कि वर्णमाला की रटाई का लाभ अधिक से अधिक अवसरों पर उठाया जाय जिससे रटाई जितनी कम होसके उतनी कम कीजासके। मानव भाषा में गिनती के शब्दों को इस क्रम से बनाया गया है कि एक बार सूत्र समझ लेने पर सारे गणना शब्द ध्यानमें रहने लगते हैं।

१—दस अल्पप्राण व्यञ्जन और दस स्वरों को क्रमसे जोड़ने से और पीछे एक न अक्षर और जोड़ने से दस तक की गिनती बनजाती है। क ग च ज ट ड त द प ब इनके साथ अ आ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ ये दस स्वर जोड़े गये और न और लगाया गया, तब कन गान, चिन, जीन, टुन, डून, तेन, दैन, पोन, बौन, ये दस तक गिनती के नाम बनगये।

२–ग्यारह बारह आदि संख्याएँ एक पर एक, एक पर दो, एक पर तीन आदि लिखने से बनती हैं। इसलिये इनके नाम भी इसी ढंग से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बना लिये गये हैं। एक पर एक अर्थात् कन कन, एक पर दो अर्थात् कनगान, एक पर तीन अर्थात् कनचिन इत्यादि। पर इनमें से प्रारम्भ का 'न' अगर हटादिया जाय तो भी समझने में कोई दिक्कत न जायगी। और शब्द कुछ छोटा होजायगा इसलिये कनकन को ककन, कनगान को कगान, कनचिन को कचिन आदि बोलेंगे। इस तरह ११ से १९ तक की संख्या बन जायगी।

३—बीस की संख्या के लिये दो पर शून्य रखना पड़ता है, दो पर दस लिखकर बीस बनाये नहीं जासकते, इधर इन शब्दों में शून्य सूचक शब्द है नहीं, इसलिये बौन को शून्य मानलिया। जब अकेला बौन आये तब तो उसका अर्थ दस हो, जब किसी अक्षर के बाद आये तब उसका अर्थ शून्य हो। इस प्रकार गाबौन=२०, चिबौन ३०, बौबौन १०० आदि संख्याएँ बनजाती हैं।

४-सौ तक की गिनती अल्पप्राण अक्षरों के आधार से बनगई। इसके बाद सैकड़ा हजार लाख करोड़ आदि संख्या के लिये महाप्राण अक्षरों का उपयोग किया गया है। और स्वर आदि में ऐसा परिवर्तन किया गया है जिससे सुनने में १०० के भीतर की संख्या का भ्रम न हो जाय। निम्नलिखित सूचनाओं के आधार से ये शब्द बने हैं—

क—एक से दस तक जिसप्रकार अल्पप्राण अक्षरों का उपयोग किया गया है उसीप्रकार सैकड़ा से सौ संख तक महाप्राण अक्षरों का उपयोग किया गया है।

ख—एक से दस तक जो स्वरों का क्रम था वही यहां रहा है पर अन्तर मालूम हो इसलिये हरएक स्वर अनुस्वार के साथ दिया गया है। नियमानुसार दीर्घस्वर पर अनुस्वार का उच्चारण अनुनासिक के समान होगा।

ग—अन्त के नकार को एकारान्त बना दिया है। इस परिवर्तन से सैकड़ा हजार आदि की संख्या का अन्तर और जल्दी ध्यान में आजायगा। अन्त का एकार एक तरह से समाहार सूचक है। सौ और सैकड़ा का एक अर्थ होनेपर भी थोड़ा फर्क है। हिन्दी में पौनसौ और पौन सैकड़ा में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्तर नहीं समझा जाता। जब कि मानवभाषा में फर्क है। सौ को बौबौन और सैकड़ा को बौने कहेंगे। नेर्जी का अर्थ है पौन। अगर नेर्जी बौबौन रुपया कहा जाय तो उसका अर्थ होगा ९९॥।) निन्यानवे रुपये बारह आने, किन्तु यदि नेर्जी बौने कहा जाय तो उसका अर्थ होगा ७५) पचहत्तर, (पौन सैकड़ा)

संख्यावाची शब्द के अन्त में 'ए' लगादेने से समाहार का ज्ञान होता है। जैसे बीस और बीसी में अन्तर होता है वैसा अन्तर गाबौन (२०) गाबौने (बीसी) में होगा इसीप्रकार चिन (तीन) चिने (त्रिक) जीन (चार) जीने (चतुष्टय) टुन (पांच) टुने (पंचक) आदि में समझना चाहिये।

५—मानवभाषा की गिनती का नक्शा इसप्रकार बनेगा।

१ कन	२ गान	३ चिन	४ जीन	५ टुन	६ डून	७ तेन	८ दैन	९ पोन	१० बौन
११ ककन	१२ कगान	१३ कचिन	१४ कजीन	१५ कटुन	१६ कडून	१७ कतेन	१८ कदैन	१९ कपोन	२० गाबौन
२१ गाकन	२२ गागान	२३ गाचिन	२४ गाजीन	२५ गाटुन	२६ गाडून	२७ गातेन	२८ गादैन	२९ गापोन	३० चिबौन
३१ चिकन	३२ चिगान	३३ चिचिन	३४ चिजीन	३५ चिटुन	३६ चिडून	३७ चितेन	३८ चिदैन	३९ चिपोन	४० जीबौन
४१ जीकन	४२ जीगान	४३ जीचिन	४४ जीजीन	४५ जीटुन	४६ जीडून	४७ जीतेन	४८ जीदैन	४९ जीपौन	५० टुबौन
५१ टुकन	५२ टुगान	५३ टुचिन	५४ टुजीन	५५ टुटुन	५६ टुडून	५७ टुतेन	५८ टुदैन	५९ टुपौन	६० डूबौन
६१ डूकन	६२ डूगान	६३ डूचिन	६४ डूजीन	६५ डूटुन	६६ डूडून	६७ डूतेन	६८ डूदैन	६९ डूपौन	७० तेबौन
७१ तेकन	७२ तेगान	७३ तेचिन	७४ तेजीन	७५ तेटुन	७६ तेडून	७७ तेतेन	७८ तेदैन	७९ तेपौन	८० दैबौन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

८१ दैकन	८२ दैगान	८३ दैचिन	८४ दैजीन	८५ दैटुन	८६ दैडून	८७ दैतेन	८८ दैदैन	८९ दैपोन	९० पोबौन
९१ पोकन	९२ पोगान	९३ पोचिन	९४ पोजीन	९५ पोटुन	९६ पोडून	९७ पोतेन	९८ पोदैन	९९ पोपोन	१०० बौबौन
सैकड़ा खंने	हजार घाँने	लाख छिंन	करोड़ झींने	अरब ठुंने	खर्ब डूँने	नील थेंने	पद्म धौंने	संख फोंने	सौखंड भौंने

६—पाव आधा पौन सवा डेढ़ आदि अंशगणना का प्रयोग निम्न लिखित तरीके से करना चाहिये।

का—किसी चीज के जितने अंश करके जोड़ना या घटाना हो उस संख्या वाची शब्द का अन्तिम न छोड़कर प्रथम अक्षर पर अनुस्वार रखना चाहिये। फिर अगर जोड़ना हो तो 'स' और घटाना हो तो 'नें' उपसर्ग लगाना चाहिये। जैसे पाव का अर्थ है चौथा हिस्सा, चार का संख्या वाची शब्द है जीन, इसमें न निकालकर जी पर अनुस्वार देना फिर स जोड़ना, होगा 'सजीं' इसका अर्थ हुआ चौथा हिस्सा अधिक, अर्थात् 'सवा'। अगर 'नें' जोड़ा जाय तो इसका अर्थ होगा चौथा हिस्सा कम अर्थात् 'पौन'। इसप्रकार अन्य शब्द भी समझ लेना चाहिये।

सवा—सजीं। पौन—नेजीं। डेढ़—सगां। आधा नेगां।

पौने छः—नेजीं डून। सवा छः—सजीं डून। साढ़े छः—सागांडून। तृतीयांश अधिक तीन--सचिं चिन। सप्तमांश अधिक नव--सतें पोन। सप्तमांश कम नव--नेतें पोन।

ख—भिन्न गणितमें बटे की जगह 'भागं' शब्द का प्रयोग करना चाहिये। एक बटे तीन—कन भागं चिन। सात बटे आठ--तेन भागं दैन। इत्यादि।

७—संख्यावाचक शब्दों में लिंगभेद नहीं होता वे विशेषण की तरह संज्ञा के पहिले आते हैं। विशेष्य संज्ञा के साथ रहने पर विभक्ति चिन्ह की भी जरूरत नहीं रहती। विशेष्य न होने पर विभक्ति चिन्ह लगता है। चिनटे--तीन के लिये, आदि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बोनभोन्दस केलिये

७ आधा-शिकं का अर्थ है आधा। गोनशिकं-डेढ़। (दूसरा जिसमें आधा है) इसी तरह चोनशिकं ढाई, जोनशिकं साढ़ेतीन, आदि समझना। गोनशिकं फोनो-१५०, दोनशिकं फोनो साढ़ेसातसौ। फोनो शिकं-सौ और आधा।

पीशं-चौथाई। गोनपीशं-सवा। नेपीशं-पौन। गोन नेपीशं-पौनेदो।

१६—कौटुम्बिक शब्द

१-आजकी भाषाओं में कौटुम्बिकशब्दों की गड़बड़ी—

आजकल की भाषा में कौटुम्बिक शब्दों की बड़ी कमी है और जो हैं भी उनमें बड़ी गड़बड़ी है। एक ही शब्द कई रिश्तोंमें काम आता है। अंग्रेजी का ब्रदरइनला साले के लिये भी और बहिनोई के लिये भी काम आता है। इसी तरह के शब्द सनइनला, फादरइनला आदि हैं। पत्नी की सास भी सासू और बहिनोईकी मां भी सासू, या साहुनजू। साले की सन्तान को साली की सन्तानको क्या कहना इसके लिये भी शब्द नहीं, फिर जो भी शब्द हैं उनसे यह पता लगाना मुश्किल है कि शब्द किसनियम से गढ़े गये हैं। कहीं स्त्रीलिंग शब्द बहिन का द्योतक है कहीं पत्नी का। मामा मासी पतिपत्नी द्योतक है साला साली पुत्र पुत्री आदि बहिन भाई द्योतक, जब कि पिता और बुआ भाई बहिन होनेपर भी शब्दोंका कोई मेल ही नहीं। इसप्रकार कौटुम्बिक शब्दों के बारे में आज की भाषाएँ अत्यन्त दरिद्र और अनियमित हैं। जब कि लैङ्गिक शब्दों की सुव्यवस्था तथा सम्बन्ध निश्चित प्रत्ययों के कारण मानव भाषा के कौटुम्बिक शब्द व्यवस्थित और पूर्ण हैं।

२-कुटुम्ब मूल— कुटुम्ब के मूल में पांच तरह के सम्बन्ध हैं जिनके मिलने से अन्य सम्बन्ध बनते हैं।

१- पैदा करने वाले = माता पिता।
२- पैदा होने वाले = पुत्र पुत्री।
३- साथ पैदा होनेवाले = भाई बहिन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४– साथ रहकर एक व्यक्तित्व बनजाने वाले = पति पत्नी
५– प्रेम के कारण कुटुम्बी के समान बनने वाले मित्र।

इन पांचों के सम्बन्ध से अनेक तरह के रिश्ते पैदा होते हैं जिन्हें ज्ञाति या कुटुम्ब कहते हैं। इन सब को जुदे जुदे शब्दों से सम्बोधन करने की जरूरत है।

३–मूल शब्द—

सारे कुटुम्ब की मूल माता है। स्वाभावतः पिता का उपकार और उपयोगिता माता की अपेक्षा थोड़ी है। माता के लिये विविध भाषाओं में मा, माता, मातर, मादर, मदर, ममी, मामा आदि शब्दों का प्रयोग होता है इसलिये माता के लिये 'म' का प्रयोग करना ही उचित है, पर मानव-भाषा में एकाक्षरी संज्ञा शब्द बनाना ठीक नहीं, इसलिये उसके लिये 'मम' शब्द का प्रयोग करना उचित है। किन्तु मानवभाषा में प्राणिवाची शब्द उभयलिंगी होते हैं इसलिये मम उभयलिंगी शब्द हुआ इसीसे 'मम' का अर्थ माता के साथ पिता भी समझा गया।

कुटुम्ब के अन्य शब्दों में दो 'म' तो नहीं पर एक 'म' रखना आवश्यक है और अन्य प्रत्यय लगाने पर उच्चारण में कठिनता न जावे इसलिये निम्नलिखित रूप में उभयलिंगी शब्द बनाये जाते हैं।

मम = मातापिता मज = पुत्रपुत्री
मग = भाई बहिन मिन = पतिपत्नी
मिस = मित्र।

४–त्रिलिंगी मूलशब्द—

पहिले बताये हुए लिंग चिन्हों के अनुसार तीनों लिंगों में मूल शब्द इस प्रकार हुए।

उभयलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
मम [मातापिता]	ममा [पिता]	ममी [माता]
मज [पुत्रपुत्री]	मजा [पुत्र]	मजी [पुत्री]
मग [बहिनभाई]	मगा [भाई]	मगी [बहिन]
मिन [दम्पति]	मिना [पति]	मिनी [पत्नी]
मिस (स्त्री या पुरुष मित्र)	मिसा (पुरुषमित्र)	मिसी (नारीमित्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२—कौटुम्बिक प्रत्यय—

(क) ये पांच रिश्ते हैं। इनके परस्पर मिलने से कुटुम्ब बढ़ता है। जैसे—बहिन का बेटा, पत्नी का भाई, मा की बहिन, पिता की बहिन, बेटी का पति आदि। इन रिश्तों में दूसरा रिश्ता जोड़ने के लिये कुछ प्रत्यय बनालिये गये हैं, जिनके जोड़ने से अन्य रिश्तों के नाम तैयार होजाते हैं। ये प्रत्यय चार हैं।

	उभयलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
(ख)	म (मातापिता के लिये)	मा	मो
	ग [बहिनभाई के लिये]	गा	गी
	ज (पुत्र पुत्रीके लिये)	जा	जो
	न [पति पत्नी के लिये)	ना	नी

जैसे—ममी (माता) + गा [भाई =ममीगा [माताका भाई मामा]
ममा (पिता] + गी [बहिन] ममागी पिताकी बहिन बुआ
इस प्रकार सब रिश्तों के शब्द बनेंगे।

(ग) हां! जहां पति या पत्नी सूचक प्रत्यय लगेगा वहां उभयलिंगी रूप से ही काम चल जायगा। जैसे—मगी [बहिन] + ना = मगोना [बहिनोई] यहां मगना कहने से भी काम चलेगा। क्यों कि पति मगा [भाई] का तो हो नहीं सकता, बहिन [मगी] का ही होगा इसलिये उभयलिंगी मग से ही काम चलेंगे। इसप्रकार चार प्रत्यय और पांच मूल शब्दों को हिसाब से मिलाने से सब रिश्तों के व्यवस्थित शब्द बनजाते हैं। याद न रहें तो हिसाब लगाकर उनका अर्थ तुरन्त समझा जासकता है। रिश्ते इस प्रकार बनेंगे।

[घ] ममागा—काका। ममा [पिता] + गा [भाई] ममागा—पिताका भाई।
ममागी—फूफी। ममा (पिता) + गी [बहिन]—ममागी—पिताकी बहिन।
ममागनी—काकी। ममा [पिता] + ग [भाई] + नी [पत्नी]
पिता के भाई की पत्नी
ममागना—फूफा। ममा (पिता) + ग [बहिन) + ना [पति)
पिता की बहिन का पति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ममीगी=मौसी । ममी — माता, + गी—बहिन, माता की बहिन ।
ममीगना—मौसा । ममी—माता, ग—बहिन, ना—पति—माताकी बहिनका पति
ममीगा—मामा । ममी—माता, गा—भाई, माता का भाई ।
ममीगनी—मामी । ममी—माता + ग भाई, +नी--पत्नी, माताके भाईकी पत्नी
मिनामी—सासू । मिना पति, मी--मां, पतिकी मां ।
मिनामा—ससुर । मिना पति, मा पिता, पति का पिता ।
मिनीमी—सासू । मिनी पत्नी, मी—माता, पत्नीकी माता 'सासू'
मिनीमा— ससुर । मिनी 'पत्नी', मा 'पिता' पत्नी का पिता ।
मजना—जमाई । मजी-पुत्री, ना-पति । पुत्री का पति मजीना या मजना ।
मजनी—पुत्रवधू । मजा-पुत्र, नी-पत्नी—मजानी या मजनी
ममनी—विमाता । मम- पिता—नी पत्नी, पिता की पत्नी ।
ममना—विपिता । मम 'माता', ना 'पति', माका पति 'विपिता—दूसरा पिता
मगनी—' भाभी ' । मग ' भाई '- नी ' पत्नी ' भाई की पत्नी
मगना—बहिनोई । मग बहिन, ना पति, बहिन का पति
मिनागी—ननँद । मिना पति + गी ' बहिन ' पति की बहिन
मिनागा—देवर या जेठ । मिना ' पति ' + गा ' भाई ' पतिका भाई ।
मिनागनी—'देवरानी या जिठानी । मिना पति+ग भाई, नी 'पत्नी' पति के भाईकी पत्नी
मिनागना 'नन्दोई' । मिना पति, ग—बहिन, ना—पति पतिकी बहिन का पति ।
मिनीगा— साला । मिनी— पत्नी, गा भाई ' पत्नीका भाई ।
मिनीगी— साली । मिनी पत्नी ' + गी ' बहिन ' पत्नीकी बहिन
मिनीगनी सारंज । मिनी ' पत्नी ', ग 'भाई', नी 'पत्नी' पत्नीके भाईकी पत्नी
मिनीगना—साढूभाई । मिनी पत्नी, ग बहिन, ना 'पति' पत्नीकी बहिनका पति
मगाजा— भतीजा । मगा भाई, जा ' पुत्र--भाई का पुत्र ·
मगाजी ' भतीजी ' ,, ,, जी पुत्री, भाई की पुत्री
मगीजा-- भानेज । मगी— बहिन, जा पुत्र, बहिन का पुत्र
मगीजी - भानेजन ,, ,, जी पुत्री बहिन की पुत्री
मगाजनी— भतीजबहू । मगा भाई, ज 'पुत्र' नी 'पत्नी' भाईके लड़केकी पत्नी
मगाजना ' भतीजीका पति । मगा ' भाई ' ज ' पुत्री ' ना- पति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मगोजनी ' अनेजवहू '
मगोज़ना ' अनेजन का पति '
मिनागाजा ' देवर या जेठका लड़का। मिना ' पति ' ग ' भाई ' जा ' पुत्र '
मिनागाजी ' देवर या जेठ की लड़की '
मिनागाजनी ' देवर या जेठ के लड़के की बहू '
मिनागाजना ' देवर या जेठ की लड़की का पति '
मिनागीजा ' ननंद का लड़का '
मिनागीजी ' ननँद की लड़की '
मिनागीजनी ' ननँद के लड़के की बहू '
मिनागीजना ' ननँद की लड़की का पति '
मिनीगाजा ' साले का लड़का '
मिनीगाजी ' साले की लड़की '
मजनीसा—समधी [पुत्रवधू का पिता]
मजनामा— ,, [जमाई का पिता]
मजनीमी समधिन—पुत्रवधू की मां।
मजनामी ,, —जमाई की मां।
मिनीगाजनी —साले के लड़के की बहू '
मिनीगाजना ' साले की लड़की का पति '
मिनीगीजा ' साली का लड़का '
मिनोगीजी ' साली की लड़की '
मिनोगीजनी ' साली के लड़के की बहू '
